


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 102 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 24 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### जिंदल स्टील के चेयरमेन नवीन जिंदल को मिली जान से मारने की धमकी, सेंट्रल जेल के बंदी ने भेजी चिट्ठी

**रायगढ़।** जिंदल स्टील पावर लिमिटेड के चेयरमैन नवीन जिंदल बिलासपुर सेंट्रल जेल के बंदी ने धमकी भरा पत्र भेजा है। जिंदल स्टील के चेयरमेन से पत्र के द्वारा फिरौती की मांग की गई और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। चिट्ठी मिलने के बाद कंपनी में हड़कंप मच गया है। इस मामले में कंपनी के जिंदल स्टील पावर लिमिटेड के महाप्रबंधक सुधीर राय ने कोतरा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस ने 386, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

कोतरा रोड पुलिस के अनुसार जिंदल स्टील पावर लिमिटेड के महाप्रबंधक सुधीर राय ने अपनी शिकायत में बताया कि 18 जनवरी 2023 को डाक के माध्यम से एक लिफाफा मिला। लिफाफे को 23 जनवरी को खोल कर चेक किया गया। लिफाफा में क्रमांक 4563/97 केन्द्रीय जेल बिलासपुर के द्वारा हस्ताक्षर कर नवीन जिंदल चेयरमेन जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड को सम्बोधित करते हुए असभ्य, अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए 05 मिलियन ब्रिटिश पाउंड की मांग फिरौती के रूप में की गई। 48 घण्टे के भीतर फिरौती की रकम का भुगतान न होने पर जान से मारने की धमकी दिया गया। शिकायत के बाद फिलहाल इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### मो. शमी अपनी पत्नी हसीन जहां से कानूनी लड़ाई हारे, अब हर महीने देने होंगे 1.30 लाख

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रह रही हसीन जहां ने अपने पति भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के खिलाफ चल रही कानूनी लड़ाई को जीत लिया है। कोलकाता के अलीपुर अदालत ने हसीन जहां पक्ष में सुनवाई करते हुए मोहमद शमी को निर्देश जारी किया है।

कोर्ट ने भारतीय क्रिकेटर को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे अपनी पत्नी और बच्ची के भरण पोषण के लिये एक लाख 30 हजार रुपए हर महीने देंगे। अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि इस रकम में से 50 हजार उनकी पत्नी हसीन जहां को दी जाएगी और बाकि के 80 हजार रुपए उनकी बेटी को दी जायेगी।



सेल स्थापना दिवस पर मैराथन

# ढाई साल की मासूम से लेकर 70 साल के बुजुर्ग ने लिया हिस्सा, दिव्यांग बच्चों ने भी लगाई दौड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के स्थापना दिवस पर भिलाई के जयंती स्टेडियम में मंगलवार को रन फार सेल का आयोजन किया गया। पांच किलोमीटर के इस मैराथन में 2118 लोगों ने दौड़ लगाई। दौड़ने वालों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग व महिलाओं से लेकर दिव्यांग तक शामिल रहे। अलग अलग वर्गों में आयोजित इस मैराथन में सभी वर्गों के टॉप 14 लोगों को पुरस्कृत किया गया। इस मैराथन में ढ़ाई साल की बच्ची से लेकर 70 साल के बुजुर्ग तक ने दौड़ लगाई।

बता दें हर साल 24 जनवरी 1973 को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की स्थापना की गई थी। इससे पहले सेल को हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के रूप में जाना जाता था। इसी दिन को सेलीब्रेट करने के लिए सेल स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसके तहत सेल के अंतर्गत आने वाले सभी संयंत्र प्रबंधन द्वारा रन फॉर सेल का आयोजन किया जाता है। भिलाई स्टील प्लांट द्वारा भी हर साल सेल स्थापना दिवस के मौके पर रन फॉर सेल का आयोजन किया गया।

### स्कूली बच्चों से लेकर बीएसपी कर्मी हुए शामिल

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा जयंती स्टेडियम में आज सुबह 8.00 बजे से रन फॉर सेल का आयोजन किया गया। कुल 5 किलोमीटर पैदल चाल-दौड़ में बालिका-महिला, बालक-पुरुष वर्ग में सेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों के अलावा भूतपूर्व कर्मचारी, सेल द्वारा संचालित स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आज के मैराथन की खासबात यह रही कि इसमें हिस्सा लेने ढ़ाई साल की बच्ची शगुन भी पहुंची और अपने नन्हें पैरों से दौड़ लगाई। मैराथन में विभिन्न स्कूलों के बच्चे भी शामिल हुए। बीएसपी के सीईओ अनिर्बान दास गुप्ता ने रन फॉर सेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी, गृहमंत्री ने दिए जांच के आदेश



**छतरपुर (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के कथावाचक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उन्हें किसी अज्ञात शख्स ने जान से मारने की धमकी दी है। बताया जा रहा है कि एक फोन कॉल पर किसी व्यक्ति ने धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर इन दिनों छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कथावाचन कर रहे हैं।

### एफआईआर दर्ज, की जाएगी उचित कार्रवाई

जान से मारने की धमकी के मामले में छतरपुर के थाने में कथावाचक पं. धीरेंद्र शास्त्री के छोटे भाई लोकेश गर्ग की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। छतरपुर एसपी सचिन शर्मा ने बताया कि आरोपी का नाम अमर सिंह है। थाना बमीठा में धारा 506, 507 के अंतर्गत अमर सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। वहीं, इस मामले पर प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। साइबर सेल को भी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कफ सीरप से हुई मौतों पर डब्लूएचओ सख्त, सभी देशों को जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया के सभी देशों से अपील की है कि वह दूषित दवाईयों के प्रति तुरंत और सख्त कार्रवाई करें। बता दें कि हाल के समय में खांसी की दवाई से कई बच्चों की मौत के मामले सामने आए हैं। डब्लूएचओ ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि करीब 5 साल के 300 से ज्यादा बच्चों की जांबिया, इंडोनेशिया, उज्बेकिस्तान में मौत हुई। इनकी मौत का कारण किडनी की खराबी रहा और इसका ताल्लुक दूषित दवाई से था। डब्लूएचओ ने कहा कि खांसी के कुछ सीरप में डाइएथिलीन ग्लाइकोल और एथीलीन ग्लाइकोल की मात्रा ज्यादा पाई गई है, जो बच्चों में किडनी की खराबी का कारण बनी।

बता दें कि डाइएथिलीन ग्लाइकोल और एथीलीन ग्लाइकोल जहरीले रसायन होते हैं, जो कि बेहद कम मात्रा में भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। डब्लूएचओ का कहना है कि ये तत्व दवाईयों में कभी नहीं होने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने सभी 194 सदस्य देशों से अपील की है कि वह अपने-अपने देश में दूषित दवाईयों के खिलाफकार्रवाई करें, ताकि ऐसी और मौतों को रोका जा सके।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत और मिनी इंडिया की तासीर

श्रीकंचनपथ




मिनी इंडिया भिलाई 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का अनुपम उदाहरण है। यहां सभी प्रांतों, विभिन्न भाषा-भाषियों और धर्म-पंथ के लोगों का सहवास रहा है। इस्पात नगरी के हृदय स्थल सेक्टर-6 में एक तरफ जहां जैन मंदिर, गुरुद्वारा, कालीबाड़ी, आर्यसमाज, जगन्नाथ मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर और श्रीगुरूसंघ का पावन स्थल है वहीं दूसरी तरफ विभिन्न समुदायों के चर्च और मस्जिद साथ-साथ संचालित हैं। खान-पान, पहनावा-ओढ़ना से लेकर भाषा तक इस शहर की एक ही रही है।लगभग सभी मोहल्लों की यही बानगी थी। कोई भेदभाव नहीं था।तीज-त्यौहार तक मिलकर मनाते थे। पर इधर कुछ समय से लोग एक दूसरे से कटने लगे हैं।मांस-मछली से लेकर फल और सब्जी दुकानों तक की छंटाई होने लगी है।एक खास मानसिकता वाले लोगों की बैठकों में प्रायः गर्मागर्म बहसें हो रही हैं। इतिहास को नए सिरे से बांचा जा रहा है। ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर जूतियों में दाल परोसी जा रही है।कहीं का वीडियो फुटेज कहीं चिपका कर नए संदेश लिखे जा रहे हैं। इतिहास को कोर्स का अंतिम विषय मानने वाले एकाएक इसमें पीएचडी करने लगे हैं। अनुभूत इतिहास पर कूटरचित कागजी सबूत भारी पड़ रहे हैं। कहा जाता है कि जिस घर में फूट पड़ गई हो, उसे बाहरी दुश्मनों की जरूरत नहीं होती।

अब इस पाप के प्रायश्चित्त का वक्त आ गया है। अब विभिन्न प्रांतों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए, उनमें भाईचारा और राष्ट्र का बोध जगाने के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत आन पड़ी है। जाहिर कारणों से छत्तीसगढ़ के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है। इसी साल यहां चुनाव होने हैं।नए छत्तीसगढ़ को अपनी भाषा-बोली, अपने खान-पान, संस्कृति पर अभिमान है। जिन लोगों ने बोरे-बासी से किनारा कर लिया था, छत्तीसगढ़ी बोलने में सकुचाने लगे थे अब उन लोगों की गिनती कम हो रही है। छत्तीसगढ़ की यह संस्कृति रही है कि वह बीती कड़वी बातों को भुलाकर आगे बढ़ता रहा है। मामला चाहे नक्सल पीड़ित बस्तर का हो, कोरवा जनजातियों पर होने वाले अत्याचार का हो या फिर पश्चिम ओड़ीशा से खदेड़े गए व्यापारियों का, छत्तीसगढ़ सबकुछ भूलकर आगे बढ़ता रहा है। छत्तीसगढ़ी स्वाभिमान का ही प्रताप है कि सुदूर उत्तरी अमरीका के विभिन्न शहरों में रहने वाले लोगों ने नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ी एसोसिएशन 'नाचा' का गठन किया है। इसी छत्तीसगढ़ में अब पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' उत्सव मनाया जाएगा। वहां के लोगों को, विशेषकर यदि भाजपा शासित राज्य हुआ तो मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। तो क्या गैर भाजपाई एक भारत की परिभाषा में नहीं आते? वैसे छत्तीसगढ़ की बात करें तो उसकी सोच इससे आगे तक जाती है। छत्तीसगढ़ ने दुनिया भर के आदिवासियों को एकजुट कर 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश पहले ही दे दिया है।










## संपादकीय

# वीरों की याद

भारत में गुलामी के प्रतीकों को मिटाने का क्रम निरंतर जारी है और इसी क्रम में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखा गया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह घोषणा की। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनने वाले नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का भी अनावरण किया, यह द्वीप पहले रॉस द्वीप समूह के नाम से जाना जाता था। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संदेश के साथ केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। परमवीर चक्र विजेताओं को एक साथ एक स्थान मिलना सराहनीय है। देश के विरल वीर जवानों की स्मृतियां देश की मिट्टी में यहां-वहां बिखरी हुई हैं। अब उनके स्मारक एक जगह होने से उन्हें याद करने या उनका नाम लेने में भी सुविधा हो जाएगी। देश के ऐसे परमवीरों के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसा महानायक कमांडर कहां मिलेगा? नेताजी बोस के साहस, पराक्रम व उद्यम का कोई मुकाबला नहीं है। परमवीर चक्र विजेता और नेताजी सुभाष चंद्र बोस, दोनों ही एक-दूसरे के सम्मान में चार चांद लगाएंगे। अंडमान और निकोबार में एक ऐसा प्रेरक वीर क्षेत्र बन रहा है, जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचेगा, इस केंद्रशासित प्रदेश से बाकी देश को ज्यादा स्नेह और मजबूती से जोड़ेगा। वाकई, सरकार का यह कदम हमारे नायकों के प्रति एक चिरस्थायी श्रद्धांजलि होगी, जिनमें से कई ने देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए मोर्चे पर ही सर्वोच्च बलिदान दे दिया था। नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक में एक संग्रहालय, केबल कार रोपवे, लेजर ऐंड साउंड शो, विरासत मार्ग और एक रेस्ट्रो लाउंज के अलावा बच्चों के लिए थीम-आधारित मनोरंजन पार्क भी होगा। मतलब स्मारक के प्रति आकर्षण बढ़ाने के उपाय या साधन उसे नीरस होने से बचाएंगे। अक्सर यह देखा गया है कि भौतिकता की आपाधापी में ऐसे स्मारक आकर्षण के अभाव में उपेक्षित हो जाते हैं। अत बदलते समय के साथ स्मारकों के प्रति लोगों का लगाव-जुड़ाव बढ़ाने के जरूरी इंतजाम भी जरूरी हैं। देश के लिए कुर्बान होने वाली हस्तियों की यादों को सहेजने के साथ-साथ गुलामी के प्रतीकों को मिटाते चलने की नीति अनिवार्य है। हमारी सरकारों को यह सोचना चाहिए कि ऐसी कोई प्रेरक हस्ती स्थानीय स्तर पर उपेक्षित न रहे। प्रेरणा के अनगिन मंदिर बनाकर युवाओं को भटकने से रोकना होगा। जगह-जगह केवल बाजार-मॉल खोलना विकास का एकमात्र रास्ता नहीं है। शहीदों और महापुरुषों के कर्म, भाव, कर्तव्य से प्रेरित होने की जरूरत है। केवल स्मारक खड़े कर देने से कुछ नहीं होगा, स्मारकों से शिक्षा और शोध केंद्रों को जोड़ना होगा। पूरी व्यवस्था को चंद महापुरुषों पर ही केंद्रित नहीं हो जाना चाहिए। जैसे हमने सुभाषचंद्र बोस के साथ 21 परमवीर चक्र विजेताओं को याद किया है, वैसे ही हमें हर क्षेत्र के समर्पित महानायकों के स्मारकों को संजोने के उपक्रम देश में जगह-जगह करने चाहिए। समाजसेवा के क्षेत्र में भी अनेक मार्गदर्शक हुए हैं, उन्हें भी एक जगह संजोया जाए। ठीक इसी तरह से देश के दिग्गज वैज्ञानिकों के नाम-काम-पहचान को कहीं एक जगह समेट लाना आकर्षक हो सकता है। अंडमान और निकोबार में वीरों की यादों को संजोने का यह तरीका सराहनीय ही नहीं, अनुकरणीय भी है।

> "देश के लिए कुर्बान होने वाली हस्तियों की यादों को सहेजने के साथ-साथ गुलामी के प्रतीकों को मिटाते चलने की नीति अनिवार्य है। हमारी सरकारों को यह सोचना चाहिए कि ऐसी कोई प्रेरक हस्ती स्थानीय स्तर पर उपेक्षित न रहे। प्रेरणा के अनगिन मंदिर बनाकर युवाओं को भटकने से रोकना होगा। जगह-जगह केवल बाजार-मॉल खोलना विकास का एकमात्र रास्ता नहीं है। शहीदों और महापुरुषों के कर्म, भाव, कर्तव्य से प्रेरित होने की जरूरत है। केवल स्मारक खड़े कर देने से कुछ नहीं होगा, स्मारकों से शिक्षा और शोध केंद्रों को जोड़ना होगा।

## नैतिकता बनाम मानवता

एक दिन दो आइरिश आदमी लंदन में वेश्यालय के बाहर की सड़क पर काम कर रहे थे। उन्होंने एक प्रोटेस्टेंट पादरी को उस तरफ आते देखा। पादरी ने अपना कॉलर ऊपर किया, सिर झुकाया और चुपचाप वेश्यालय में दाखिल हो गया। दोनों मजदूरों ने एक-दूसरे को देखा और कहा, 'देखो, एक प्रोटेस्टेंट से और क्या उम्मीद की जा सकती है?

फिर दोनों काम में जुट गए। कुछ देर बाद एक यहूदी धर्मगुरु आया। उसने अपने गले में इस तरह मफलर लपेट रखा था कि उसका चेहरा भी साफ नहीं दिख रहा था। वह भी छिपते-छिपाते वेश्यालय में घुस गया। अब वे परेशान हो गए। 'यह क्या हो रहा है? जमाना बहुत खराब है। एक धार्मिक आदमी वेश्यालय में!' दोनों को बहुत तकलीफ हुई।

कुछ देर बाद वहां का स्थानीय बिशप आया, उसने इधर-उधर देखा, अपने चोगे को चारों ओर लपेटा और वेश्यालय में जा घुसा। अब एक ने दूसरे की तरफ मुड़कर कहा, 'वहां जरूर कोई लड़की बीमार होगी।' आप जिस पल अच्छाई के अपने दृष्टिकोण की जंजीर से बंध जाते हैं, पूरी तरह से गलत मतलब लगाने लग जाते हैं। आप कभी किसी चीज को वैसे नहीं देख पाते, जैसी वह है। अगर आप आध्यात्मिक दिशा में बढ़ना चाहते हैं, तो आपका पहला कदम होना चाहिए- अच्छे और बुरे की धारणाओं को छोड़ना। जीवन को बस वैसे ही देखना सीखिए, जैसा कि वह है। लोग अक्सर पूछते हैं क्या हमें अपने जीवन में नैतिकता की जरूरत नहीं है? असल में, मानवता की बुनियादी प्रकृति को तमाम तरीकों से इतना दबाया और विकृत कर दिया गया था कि इसकी जगह पर 'नैतिकता' के जरिये जीवन में कुछ व्यवस्था और समझदारी लाने की कोशिश की गई। अगर हमारी मानवता जीवित होती, तो नैतिकता की जरूरत नहीं पड़ती।

नैतिकता, एक इंसान से दूसरे इंसान तक, समय, जगह, हालात और सुविधा के अनुसार बदल जाती है। लेकिन जहां कहीं भी मानवता मौजूद होती है, इतिहास के किसी भी समय में या किसी भी जगह पर, यह हमेशा से एक सी रही है। सतही तौर पर अपने मूल्यों, आचार-विचार और नैतिकता के लिहाज से हम सब अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन अगर आप किसी के भीतर गहरे उतरकर उसकी मानवता को छूना जानते हैं, तो पाएंगे कि हममें से हर कोई एक ही तरीके से चीजों को करेगा। याद रखिए, अगर आप अपने भीतर मानवता को उमड़ने देते हैं, सिर्फ तभी देवत्व स्वाभाविक रूप से खिलेगा। नैतिकता कभी देवत्व नहीं ला सकी; इसके बजाय यह आपके भीतर अपराध-बोध, शर्म और डर ही ले आती है।

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

> "यदि दुबई फॉर्मूला सफल हो जाता, तो विश्व भर में उसकी कितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया होती! नरेंद्र मोदी और इमरान खान इतिहास में शांति के प्रतीक के रूप में दर्ज हो जाते।

# गलतियां सुधारना चाहे अगर पाकिस्तान

विभूति नारायण राय



पाकिस्तान में सोमवार सुबह ही ग्रिड नाकाम हुआ, बिजली गुल हो गई, कई शहरों में अंधेरा छा गया। यह अंधेरा अकेला नहीं है, सब जान गए हैं, यह पड़ोसी देश अनेक अभावों से गुजर रहा है। बंदरगाह पर सामान लिए कई जहाज खड़े हैं, लेकिन उतारने के लिए भी पैसे नहीं हैं। जाहिर है, पाकिस्तान में भारत और भारत में पाकिस्तान की चर्चा तेज है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत कुछ परदे के पीछे घटता रहता है और दुर्भाग्य से दोनों देशों की जनता इन घटनाओं के बारे में या तो पूरी तरह से अनभिज्ञ रह जाती है या उसे बहुत देर से आधी-अधूरी जानकारी मिल पाती है। शायद इसके पीछे दोनों देशों के शासक वर्गों द्वारा जनता से अहम जानकारियां छिपाने की प्रवृत्ति जिम्मेदार है। एक ऐसे ही घटनाक्रम की जानकारी पाकिस्तान के महत्वपूर्ण पत्रकार जावेद चौधरी ने पिछले दिनों अपने कॉलम के जरिये दी है।

जावेद पाकिस्तान के मशहूर यू-ट्यूबर हैं और कई अखबारों के लिए कॉलम लिखते हैं। यह कॉलम उन्होंने पूर्व पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा से एक लंबी बातचीत के बाद लिखा है। बातचीत की पृष्ठभूमि समझना भी जरूरी है। यह अब खुला रहस्य है कि फौज के 'प्रोजेक्ट इमरान खान' के तहत 2018 में हर तरह की धांधली कर पाकिस्तान की मुख्यधारा के दोनों दलों- मुस्लिम लीग (नवाज) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को किनारे लगाकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को सत्ता में लाया गया था। मगर जल्द ही अपनी अयोग्यता के चलते इमरान फौज के मुंह में गरम आलू जैसे हो गए और उनकी विफलताएं सेना पर मढ़ी जाने लगी थीं।

अपनी बढ़ती अलोकप्रियता से घबराकर सेना ने गैर-राजनीतिक होने का फैसला किया और यहीं से जनरल बाजवा व इमरान में मतभेद बढ़ने लगे। अपने खिलाफ आए अविश्वास प्रस्ताव को गिराने के लिए सेना का समर्थन न मिलने पर इमरान ने बौखलाकर उन्हें जानवर, मीर सादिक या मीर जाफर जैसे विशेषणों से नवाजना शुरू कर दिया। इस बीच जनरल बाजवा रिटायर हो गए और अब इमरान ने सारी मर्यादाएं भूलकर नाम ले-लेकर उन्हें गरियाना शुरू कर दिया है। खुद जवाब न देकर बाजवा दो बड़े पत्रकारों- मंसूर अली खान व जावेद चौधरी के जरिये अपना पक्ष जनता के बीच रख रहे हैं। इसी क्रम में जावेद का कॉलम आया है, जिसका भारतीय जनता के लिए भी बड़ा महत्व है।

जावेद चौधरी से बाजवा ने छह घंटे तक विभिन्न विषयों पर बातचीत की, जिसमें कश्मीर के समाधान पर हुई चर्चा हमारे लिए दिलचस्प होगी। बाजवा के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय रक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और आईएसआई के तत्कालीन मुखिया ले. जनरल फैज हमीद के बीच दुबई में कई चरणों में हुए वार्तालाप में लगभग तय हो गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस दिनों की यात्रा पर पाकिस्तान जाएंगे और इमरान खान के साथ मिलकर कश्मीर विवाद का सर्वमान्य हल घोषित करेंगे। यह समाधान लगभग उसी फॉर्मूले पर आधारित था, जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और फौजी शासक परवेज मुशर्रफ के बीच तय हुआ था। इस फॉर्मूले के अनुसार, जम्मू-कश्मीर से दोनों देशों की सेनाओं में भारी कटौती की जानी थी और भारत व पाकिस्तान प्रशासित क्षेत्रों के बीच सीमा को अप्रभावी बनाकर दोनों इलाकों के बीच आवागमन व व्यापार संभव करना था। दोनों देश 20 से 25 वर्षों तक इस विवाद को नहीं उठाने वाले थे।

इस फॉर्मूले के अनुसार, कश्मीर से बढ़कर भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा भी क्रमश ज्यादा खुली होती जाती और दोनों देशों के बीच आवागमन या व्यापार सहज-सुगम हो जाता। पूर्व में इस फॉर्मूले को लागू किया जाता, उसके पहले ही अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार चुनाव हार गई और न्यायपालिका से टकराकर परवेज मुशर्रफ की भी सत्ता पर पकड़ कमजोर हो गई। जनरल बाजवा के अनुसार, एक बार फिर इसी फॉर्मूले पर सहमति बन गई थी। इस बार तो यहां तक सहमति बन गई थी कि नरेंद्र मोदी दस दिनों के लिए पाकिस्तान जाएंगे, बलूचिस्तान के एक हिंदू मंदिर से अपनी यात्रा शुरू करेंगे, इमरान खान के हाथों में हाथ डालकर अलग-अलग शहरों में जनता के बीच दोस्ती की बात करेंगे और कश्मीर समस्या के हल को उनके बीच रखकर उस पर सहमति बनाएंगे।

आज हम सिर्फ अंदाजा लगा सकते हैं कि अगर यह प्रयास सफल हो जाता, तो विश्व भर में उसकी कितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया होती। नरेंद्र मोदी और इमरान खान इतिहास में शांति के प्रतीक के रूप में दर्ज हो जाते। हर बार पाक फौज का नेतृत्व भारत से समझौते का विरोध करता था, पर इस बार असफलता मिली नागरिक नेतृत्व के चलते। इस फॉर्मूले को इमरान खान ने अस्वीकृत कर दिया, उन्हें उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने सलाह दी कि भारत से किसी भी समझौते के बाद जनता के बीच संदेश जाएगा कि उन्होंने कश्मीर मोदी के हाथों बेच दिया है, और आने वाला चुनाव उन्हें भारी पड़ जाएगा। इतिहास ने दोनों देशों के राजनेताओं को एक बड़ा मौका दिया और वे चूक गए।


बुरी तरह से आर्थिक समस्याओं से घिरे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल में एक बार फिर युद्ध की व्यर्थता और शांति की बात की है। यह अलग बात है कि आसन्न चुनावों के मद्देनजर फौरन उनके स्वर बदल गए। यह एक पुरानी समझ है, जिस पर दोनों देशों के राजनीतिक विश्लेषक सहमत रहे हैं कि यदि पाकिस्तान में फौज और भारत में संघ परिवार चाह लें, तो कश्मीर समस्या का समाधान निकल सकता है। जनरल बाजवा के नेतृत्व में पाकिस्तान सेना ने पिछले दिनों अपना रुख लचीला बनाया है। बाजवा ने तो भारत के साथ खुले व्यापार तक की पैरवी एक सार्वजनिक मंच से की थी। इस प्रस्ताव को भी नागरिक नेतृत्व ने ठुकरा दिया था। चार साल पहले सीमाओं पर निरंतर चलने वाली फायरिंग भी पाक सेना के प्रयास और सहमति से ही बंद हो पाई थी। यह आज तक बरकरार है।

भारत में इस समय भाजपा की सरकार है, जिसकी आम छवि पाकिस्तान को लेकर कठोर निर्णयों की रही है। समय आ गया है, जब उसे पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर कुछ 'आउट ऑफ बॉक्स' फैसले करने होंगे। इसमें एक फैसला दुबई में लिए गए निर्णयों को आगे बढ़ाना होना चाहिए। कितना अद्भुत होगा कि सऊदी अरब, चीन या आईएमएफ की जगह पाकिस्तान को बेल आउट भारत करे और उसे विश्वास दिलाए कि यदि वह अपनी भारत-विरोधी नीतियों को छोड़ सके, तो उसका पड़ोसी संकट में उसके काम आ सकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# टोकने, डांटने पर नाराज होते बच्चों को कैसे सुधारा जाए

क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार



पिछले दिनों दिल्ली में एक अध्यापक को तीन बच्चों ने बुलाया। उनके हाथ पकड़े और लगातार चाकू से वार किए। इन तीन में से दो सगे भाई थे। कारण था कि अध्यापक ने उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म न पहनने और समय पर न आने पर डांटा था। इससे ये बच्चे नाराज थे। पूछताछ में इन्होंने बताया कि अध्यापक पर हमले की साजिश वे बहुत पहले से रच रहे थे। इसके लिए उन्होंने चाकू भी ऑनलाइन मंगाया था।

शिक्षक पर हमले के कारण अध्यापकों में बहुत नाराजगी है। उन्होंने धरना दिया। उनके समर्थन में अन्य स्कूलों के शिक्षक भी बड़ी संख्या में आए। दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने भी इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। पुलिस ने भी कहा कि शिक्षकों की सुरक्षा के लिए हर स्कूल में दो पुलिस वालों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

लेकिन सवाल यह भी है कि बच्चों के मन में क्या चल रहा है, इसे कैसे जान पाएंगे? आखिर शहर के हर कोने पर तो पुलिस नहीं हो सकती। बच्चों के मन में यह बात आ ही कैसे रही है कि अगर किसी शिक्षक ने कुछ कह दिया, तो वह इतना बड़ा अपराधी हो गया कि उस पर हमला जरूरी है। बच्चों में यह हिंसा इतनी क्यों बढ़ रही है, साथ में उनका अहंकार भी? इसके लिए बहुत सारे लोग धारावाहिकों, फिल्मों, ओटीटी पर आने वाली तमाम तरह की सामग्रियों और हिंसा को ग्लैमराइज किए जाने वाले कार्यक्रमों को भी जिम्मेदार मानते हैं।

यह विचार भी कि बच्चों से कुछ कहना ही नहीं चाहिए, इस तरह की घटनाएं, इसी सोच का परिणाम हैं। आखिर बच्चों को गलत बात के लिए क्यों नहीं टोकना चाहिए? जिन देशों से यह विचार अपने यहां तक आया, उन्हीं में से एक ब्रिटेन में कुछ साल पहले हुए एक सर्वे में माता-पिता ने कहा था, वे चाहते हैं कि बच्चों को गलत काम करने की सजा दी जाए।

अपने यहां पिछले दिनों से ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं, जहां अगर अध्यापक बच्चों को डांटते हैं, तो माता-पिता न केवल लड़ने आते हैं, अध्यापकों के साथ मारपीट भी करते हैं। दिल्ली के ही एक स्कूल में कुछ माह पहले झगड़े में माता-पिता ने अध्यापक का सिर फोड़ दिया था। आक्रामकता यदि माता-पिता में हैं, तो बच्चे भी यही सीखेंगे। एक दौर वह था कि यदि स्कूल से कोई शिकायत आती थी, तो माता-पिता अध्यापकों से कहते थे कि बच्चों को और डांटें, बल्कि घर पर भी कभी बच्चों का पक्ष नहीं लिया जाता था। उन्हें डांट ही पड़ती थी। इसीलिए बच्चे किसी भी गलत काम को करने से बचने की कोशिश करते थे। डर बहुत सी गलत बातों को करने से रोकता भी है, लेकिन बहुत से संगठनों में बच्चे क्या करें, क्या न करें, इसे बताने की होड़ लगी रहती है और ज्ञान बिना किसी जिम्मेदारी की भावना के दे दिया जाता है।

जैसा कि ऊपर बताया गया कि बच्चों ने चाकू ऑनलाइन मंगाया। मतलब इंटरनेट पर खोजा। आजकल ज्ञान के लिए बच्चों को अपने बड़ों के पास नहीं जाना पड़ता। इंटरनेट पर भरपूर ज्ञान उपलब्ध है और अधिकांश बच्चों के हाथों में मोबाइल भी है। सूचना युग की यह बड़ी भारी मुश्किल है। हर तरह का ज्ञान आपकी हथेलियों के बीच मौजूद है। अच्छा और बुरा। जाहिर है, जब आप गुस्से से भरे हों और बदला लेना चाहते हों, तो बुरी सूचनाओं की तरफ ही जाएंगे। विशेषज्ञ इसे एंगर मैनेजमेंट से जोड़ते हैं। कहा जाता है कि इन दिनों माता-पिता भी बच्चों से बातचीत नहीं करते हैं। बहुत से माता-पिता के पास बच्चों की भावनाओं को समझने का वक्त नहीं है और बहुतों के पास यह सोच नहीं है। अधिकांश माता-पिता को लगता है कि बच्चों को स्कूल भेज दिया, तो उनकी जिम्मेदारी खत्म। वे नहीं जान पाते कि बच्चे क्या पढ़ रहे हैं और उनका वास्ता किन साथियों से है।

अधिकांश अध्यापक इस बात की शिकायत करते हैं कि इन दिनों बच्चों से कुछ कहा नहीं जा सकता। तमाम कानूनों के तहत, उन्हें किसी प्रकार की सजा नहीं दी जा सकती। डांटा भी नहीं जा सकता। एक नामी स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया था कि उनके स्कूल पर सौ से ज्यादा मुकदमे चल रहे हैं। समस्या और विकराल हो, इससे पहले निदान खोजना चाहिए।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# राज्यों की यात्राओं का असर नहीं



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा काफी हद तक सफल रही है। इसका कारण यह है कि लंबे समय के बाद किसी बड़ी पार्टी ने एक महत्वाकांक्षी राजनीतिक अभियान शुरू किया था। कांग्रेस ने तैयारी भी अच्छी की और राहुल गांधी ने बड़ी हिम्मत दिखाई। इस यात्रा के फॉलोअप के तौर पर पार्टी ने राज्यों में भी भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है और साथ ही 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोडो अभियान' शुरू होने वाला है। इस अभियान के तहत कांग्रेस के नेता देश के छह लाख गांवों तक राहुल गांधी का संदेश लेकर जाएंगे। राहुल की यात्रा से बने माहौल का राजनीतिक लाभ लेने के लिए जरूरी है फॉलोअप के कार्यक्रम हों। लेकिन मुश्किल यह है कि राज्यों में हो रही यात्राओं का कोई खास असर नहीं हो रहा है।

बिहार, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में कांग्रेस की यात्रा चल रही है। लेकिन इन यात्राओं से कोई माहौल नहीं बन रहा है और न इससे कोई राजनीतिक विमर्श खड़ा हो रहा है। इसका पहला कारण तो यह है कि राज्यों में इस यात्रा की वैसी तैयारी नहीं हुई, जैसी राहुल की यात्रा की तैयारी हुई थी। लोगों को मोबिलाइज करने से लेकर पीआर की रणनीति और मीडिया प्रबंधन का कोई बंदोबस्त नहीं किया गया। इसलिए यात्रा चल रही है और उस पर किसी का फोकस नहीं है। खुद कांग्रेस के नेता इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

दूसरा कारण यह है कि भारत जोड़ यात्रा की तर्ज पर राज्यों में यात्री तय नहीं हुए। कौन मुख्य यात्री होगा, यह फैसला नहीं हुआ। यह मान लिया गया है कि राज्य का प्रदेश अध्यक्ष ही यात्रा का नेतृत्व करेगा। लेकिन कई जगह देखने को मिला की यात्रा चल रही है और प्रदेश अध्यक्ष नदारद हैं। स्थायी यात्री, अस्थायी यात्री, अतिथि यात्री आदि की श्रेणियां नहीं बनाई गईं। तभी जिसको जब मन हुआ यात्रा में शामिल हुआ और उसके बाद गायब हो गया। सहयोगी पार्टियों से बात करने, उनके नेताओं को मना कर बुलाने और राज्य के प्रबुद्ध नागरिकों से संपर्क करके उनको बुलाने का भी काम नहीं हो रहा है। तीसरा कारण यह है कि राज्यों से बाहर के बड़े नेताओं की ड्यूटी नहीं लगाई गई है कि वे राज्यों की यात्रा में शामिल हों। अगर हर दिन कोई बड़ा केंद्रीय नेता यात्रा में शामिल होता तो जोश भी बनता और खबर भी बनती।

कुल मिला कर भारत जोड़ो यात्रा जितने व्यवस्थित तरीके से चल रही है, राज्यों की यात्रा उतने ही अव्यवस्थित तरीके से हो रही है। यह खानापूर्ति की तरह है। राज्यों के अध्यक्ष और प्रभारी मिल कर जैसे तैसे यात्रा पूरी कर रहे हैं। एक कारण यह भी है कि यात्रा का एजेंडा तय नहीं है। इस वजह से भी यात्रा से कोई मैसेज नहीं बन रहा है। अगर हर राज्य में वहां से जुड़े स्थानीय मुद्दों को एजेंडे में शामिल किया जाता तो लोग खुद को इसके साथ कनेक्ट कर पाते। तभी कांग्रेस को राज्यों की यात्राओं से सबक लेना चाहिए और 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' के लिए बेहतर तैयारी करनी चाहिए। अगर पूरी प्लानिंग या रणनीति के साथ पार्टी इस अभियान को नहीं शुरू करेगी तो यह एक रूटीन का राजनीतिक कार्यक्रम बन कर रह जाएगा और राहुल की पांच महीने की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़







# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मनोहर वैष्णव स्कूल में लगेगी उनकी प्रतिमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तिल्दा–नेवरा विकासखण्ड के ग्राम सरोरा और बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पुरैना खपरी में आम जनता से भेंट–मुलाकात के पश्चात शाम को कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से भेंट–मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी समाज के प्रतिनिधियों से उनकी मांगों और स्थानीय समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जन आकांक्षा के अनुरूप बलौदाबाजार स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मनोहर वैष्णव स्कूल में उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने तथा श्री गणेशशंकर बाजपेयी हाई स्कूल के भवन का निर्माण कराए जाने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने बलौदाबाजार में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री ने यादव समाज को तहसील स्तर में सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रूपए, सरोरा में तहसील साहू संघ के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, बलौदाबाजार एवं भाटापारा में जायसवाल समाज के भवन निर्माण के लिए 20–20 लाख रूपए, जिला गोंड़ समाज के समरसता भवन के प्रथम तल के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 20 लाख रूपए, सिंधी समाज के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, मरार समाज के छात्रावास के लिए 20 लाख रूपए, सुन्नी मुस्लिम समाज के भवन के लिए 15 लाख रूपए देने की घोषणा की।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स तिल्दा और बलौदाबाजार को जमीन तथा रजतकार समाज के सामाजिक छात्रावास भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ट्रक यूनियन बलौदाबाजार के आग्रह पर ट्रक यार्ड ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के लिए जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। इसी प्रकार ईसाई समाज के कब्रिस्तान में बाउण्ड्रीवाल तथा भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटन कराने के निर्देश दिए गए। मेहर समाज बालौदाबाजार को भवन निर्माण के लिए भूमि देने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट–'मुलाकात के दौरान कंवर समाज के सामाजिक भवन के लिए जमीन होने पर 20 लाख रूपए राशि देने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार नायक बंजारा समाज के पास खुद की जमीन होने पर 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सिख समाज को भवन निर्माण के लिए जमीन लेने के बाद राशि देने का आश्वासन दिया। केशरवानी समाज, साहू समाज, महेश्वरी समाज, यादव समाज, मराठा समाज, अवधेलिया समाज, धीवर समाज को भवन निर्माण के लिए भूमि आंबटन करवाने की बात कही।

राजपूत क्षत्रिय समाज ने मुख्यमंत्री से बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने की मांग की। मुख्यमंत्री से सेन समाज ने मुलाकात कर केश शिल्पी बोर्ड के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा नाई ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के लिए जमीन की मांग पर मुख्यमंत्री ने रीपा में नाई कार्य के लिए ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के निर्देश दिए और समाजिक भवन के लिए जमीन देने की बात कही।

# मुख्यमंत्री ने बलौदाबाजार में गढ़कलेवा का किया लोकार्पण

## गढ़कलेवा में खूबसूरत सेल्फी पाइंट और वाईफाई की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

### गढ़कलेवा में ग्रामीण परिवेश का अनुभव कराने कुरिया का निर्माण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में 3 हजार स्क्वायर फीट में निर्मित गढ़कलेवा का आज लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान गढ़कलेवा का अवलोकन किया और स्व–सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत कर गढ़कलेवा में व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



मुख्यमंत्री को अर्चना महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने बताया कि छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला,फरा, ठेठरी, खुरमी, अईरसा, चौसेला, तसमई, करी लड्डू, सोहारी अन्य विविध प्रकार के व्यंजन गढकलेवा में उपलब्ध रहेंगें। उन्होंने यह भी बताया कि गढ़कलेवा में दूध से दही एवं घी तथा डिब्बा बंद सूखा आयटम, तिल लड्डू, नमकीन, करी लड्डू, सलोनी, मूरकू, खाजा, बालूशाही, खुरमी, बिजौरी भी खरीददार खरीद सकते है। गढ़कलेवा में आने वाले ग्राहकों के बैठने के लिए आउटडोर और इनडोर की व्यवस्था की गई है। जहां पर ग्राहक पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि गढ़कलेवा में ग्रामीण परिवेश का अनुभव कराने के लिए अलग से कुरिया का निर्माण किया गया है। जहां पर जमीन में बैठकर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त उठाने के लिए गोबर से लिपाई की गई है। गढ़कलेवा में आकर्षक सेल्फी पाइंट सहित वाईफाई की सुविधा मिलेगी।

## खास खबर

### खेलों में हारजीत होते रहती है निरंतर अभ्यास से खिलाड़ी बनता है सर्वश्रेष्ठ - पटेल

**रायपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल महोत्सव में रायपुर प्रवास पर आए अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कृपा शंकर पटेल ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित रूबरू कार्यक्रम में बताया कि खेल खेलने से ही खिलाड़ी के जीवन में बड़ा परिवर्तन आता है। खेल में हार–जीत होना सामान्य बात है। निरंतर अभ्यास से ही खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने प्रदेश एवं देश का नाम विश्वस्तर पर रौशन करता है। पटेल ने फिल्म दंगल में बबीता फोगाट एवं गीता फोगाट पर केन्द्रित फिल्म में मुख्य सलाहकार की भूमिका अदा की। रूबरू कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायपुर के सांसद सुनील सोनी ने कहा कि पहली बार खेल महोत्सव का आयोजन रायपुर में हो रहा है। वे आगे प्रयास करेंगे कि अगला खेल महोत्सव कम से कम 7 दिन का हो। खिलाड़ियों में नशीले प्रदार्थों के उपयोग पर कड़ा प्रतिबंध लगाने संबंधी प्रश्न पर पटेल ने ऐसे लोगों का विरोध करते हुए आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पहलवानों के मुख्य खेल में भाग लेने के पहले अनेकों बार टेस्ट होते हैं। महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण करने वाले कोचों को दोषी पाए जाने पर पटेल ने उन्हें खेल जगत से बाहर कर रास्ता दिखाने की राय दी। रूबरू में सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वालों में संजय शर्मा, नीता डुमरे, सबा अंजुम की राह पर ही चलते हुए खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करेंगे। सीमित संसाधनों के बावजूद भी खिलाड़ियों का उत्साह बरबरार रहना पटेल के अनुसार उनकी खेलों के प्रति निष्ठा प्रकट करता है। रूबरू में उपस्थित कृपा शंकर पटेल, संजय शर्मा, सांसद सुनील सोनी का प्रेसक्लब अध्यक्ष दामू आम्बेडारे सहित अनेक पत्रकारों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## सीएम बघेल ने जनता के आग्रह पर क्षेत्र के विकास के लिए दी अनेक सौगातें

# जनता से किया हर वायदा पूरा कर रहे हैं: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार जनता से किया हर वायदा पूरा कर रही है। भेंट–मुलाकात कार्यक्रम देश का पहला कार्यक्रम है जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं जनता के बीच जाकर योजनाओं की जमीनी हकीकत जानते हैं। भेंट मुलाकात कार्यक्रम 4 मई से शुरू हुआ है, अब तक दो तिहाई से ज्यादा विधानसभा में इस कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमने जनता से जो भी वायदा किया है, वो सब पूरा कर रहे हैं। जनता के हित में ऐसी अनेक कल्याणकारी योजना को भी लागू किया गया है, जिनका वायदा नहीं किया था। मुख्यमंत्री आज बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम पुरैना–खपरी में भेंट–मुलाकात कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।





### मेघनाथ ने कहा- ट्रैक्टर भूपेश कका का चिन्हा है

भेंट-मुलाकात में किसान मेघनाथ यादव ने बताया कि 10 एकड़ जमीन है। भर्री में सब्जी लगाते हैं। 4 लाख 38 हजार रुपये ऋण लिया था जिसमे 3 लाख रुपये माफहुआ। कर्ज माफहोने के बाद ट्रैक्टर खरीदा। किसान ने कहा ट्रैक्टर भूपेश कका का चिन्हा है। बहू के लिए गहना लिया। चन्नूलाल ने बताया कि 6 एकड़ में धान की बोवाई किया है। लेकिन परिवारिक विवाद के कारण शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने नियमानुसार प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### किसान न्याय योजना की किस्त से रमेश ने लगावाए दो ट्यूबवेल

भेंट-मुलाकात में रमेश मिश्रा ने बताया 35 एकड़ में खेती है। 4 लाख का कर्ज माफी हुआ है। उसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। वर्तमान में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किस्त भी मिल रही है। खेत में दो ट्यूबवेल कराया हूँ। आपके योजनाओ के लिए बहुत बहुत आभार। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी योजनाओं से खेती के रकबा में बढ़ोत्तरी हुई है साथ ही उत्पादन में बहुत अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। अभी 103 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। अभी 31 जनवरी तक खरीदेंगे, 110 लाख मीट्रिक टन खरीदेंगे ऐसा अनुमान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भेंट-मुलाकत कार्यक्रम में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेने, हितग्राहियों से मिलने, आमजनों का हालचाल जानने के लिए पुरैना-खपरी आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले हमने किसानों की ऋण माफी की। छत्तीसगढ़ सबसे पहला राज्य है, जहां किसानों को समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी मिलाकर धान का सबसे ज्यादा मूल्य मिल रहा है। अभी तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 3 किस्त दी जा चुकी है और चौथा किस्त 31 मार्च के पहले दी जाएगी। छत्तीसगढ़ धान खरीदी में रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाए जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर, राज्यगीत अरपा पैरी के धार के गायन से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। यहां उन्होंने विभिन्न हितग्रहियों को सामग्री और सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस दौरान पूर्व सासंद श्रीमती छाया वर्मा, संसदीय सचिव द्वय कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू और बिलाईगढ विधायक श्री चंद्रदेव राय, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेष नितिन त्रिवेदी भी उपस्थित थे। राजेन्द्र वर्मा ने बताया उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से डेयरी खोला है। गोधन न्याय योजना से लाभ भी लिया। गोधन न्याय योजना से आश्रित गांव के हितग्राहियों से गोबर नही खरीदने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने तुरंत गोबर खरीदने अधिकारियों को आदेशित किया। किशन लहरे ने बताया राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है 3 माह से चक्कर लगा रहा हू। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेरिफिक्रेशन के बाद कार्ड बनेगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत सचिव की शिकायत की जांच के निर्देश अधिकारियों को दिए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की 11वी की छात्रा अनमोल पांडे ने मुख्यमंत्री से बातचीत की । छात्रा ने उत्कृष्ट स्कूल के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने ने अपने स्कूल के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी बच्चों की तरफसे धन्यवाद दिया।

### किसान हमारे अन्नदाता हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको राशन मिले इसके लिए सबके लिए राशन कार्ड बनाया गया है। वैजयंती ने बताया कि घर में 4 सदस्य है। 35 किलो चावल फ्री में मिलता है। नमक और शक्कर भी मिलता है। स्वास्थ्य खराब होने के कारण इलाज में 80-90 हजार रुपया लग गया। आर्थिक सहायता हेतु निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें एक लाख रुपये देने की घोषणा की। श्रीमती केशरी ध्रुव ने बताया कि परिवार में 3 सदस्य है। 35 किलो चावल मिल रहा है। पहले संयुक्त राशन कार्ड था सास के साथ। अब राशन कार्ड अलग होने से पर्याप्त चावल मिल रहा है। चावल खरीदने के जो पैसा बच रहा है उससे घर के खर्च चल जा रहा है। आपके दया से हमे राशन मिल रहा है आप हमारे लिए अन्नदाता है आपका आभार। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता मैं नहीं, मेरे सामने बैठे सभी किसान अन्नदाता हैं।

# भूपेश बघेल ने किया विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री और राशि का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम सरोरा में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शिरकत किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री और चेक वितरित किए। मछली पालन विभाग के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों में ग्राम तिल्दा से दीनबंधु लहरे को आईस बॉक्स, श्रीमती छोहरी बाई बंजारे को जाल तथा ग्राम पुरैना खपरी से श्रीमती कावेरी साहू को आईस बॉक्स प्रदान किए। इसी प्रकार ग्राम ताराशिव से ईमिर सिंग पटेल, राजकुमार पटेल को जाल और बद्री प्रसाद पटेल को आईस बॉक्स प्रदान किया गया।



भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा नि:शक्त विवाह योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों में ग्राम गबौद से श्री सुलेन्द्र कुमार कुर्रे को 1 लाख रूपए तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत ग्राम वार्ड 04 नगर पंचायत पलारी से श्रीमती यशोदा देवांगन और वार्ड 03 नगर पंचायत पलारी की श्रीमती सविता जायसवाल को 20 हजार रूपए की राशि प्रदान की। इसी प्रकार सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत ग्राम वार्ड क्रमांक 06 इंदिरा कॉलोनी सोनपुरी रोड नगर पालिका बलौदाबाजार से श्री ईश्वर साहू, ग्राम बिटकुली से श्री जेठूराम पटेल और ग्राम- पोस्ट नयापारा तहसील, विकासखण्ड बलौदाबाजार से कु. बैसाखीन निषाद को ट्रायसायकल प्रदान किए। इसी प्रकार ग्राम पोस्ट कोनारी विकासखण्ड पलारी से श्री हेम कुमार बंजारे और सदर वार्ड भाटापारा नगर पालिका भाटापारा से श्री कमल कुमार बांधे को मोट्राईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किए गए। इसी प्रकार उभयलिंगी व्यक्ति योजना के तहत ग्राम चिचिरदा से हेमंत कुमार, ग्राम लटुवा से सुरेश पैकरा तथा ग्राम पुरैना-खपरी से महेन्द्र निषाद को उभयलिंगी आई.डी. कार्ड, प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

### जिला कांग्रेस ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

**गरियाबंद।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज खान की अध्यक्षता में समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गई।इस अवसर पर सुभाष चंद्र बोस के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया।वही कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के आजादी की लड़ाई में दिए योगदान को देश कभी भूल नहीं सकता।नेताजी ने नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा,यह नारा आज भी लोगों की जुबान पर रहता है।नेताजी ने देशभक्ति का जज्बा हर भारतीय के दिल में भर दिया था।






## खास खबर...



### मंत्री अनिला भेंड़िया ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने सभी बालिकाओं को 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि बालिकाओं की मूल सुविधाओं, सम्मान और आजादी के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनके प्रति भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से हर साल राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं के लिए अनुकूल वातावरण और नए अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ और पोषण के लिए प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि परिवार और समाज को भी बेटियों के साथ मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है। उन्होंने सभी बेटियों से कहा है कि आगे बढ़ें और अपने सपनें साकार करें, राज्य सरकार का सहयोग हमेशा उनके साथ है।

### रायपुर में 26 और 30 जनवरी को मांस-मटन विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**रायपुर ( ए )।** रायपुर निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जनवरी हुए 30 जनवरी को किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी।




### साइंस कॉलेज के स्वर्णिम इतिहास व कर्मठ अध्यापकों को हमेशा दायित्व सौंपता हूं : प्रोफेसर केशरी लाल वर्मा

**रायपुर (ए)।** साइंस कॉलेज रायपुर के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती कार्यक्रम मनाया जा रहा है। सोमवार को इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो केशरी लाल वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो वर्मा ने साइंस कॉलेज भवन से ही 'विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान' को तत्कालीन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आरंभ किए जाने का जिक्र भी किया।

प्रोफेसर वर्मा ने साइंस कॉलेज से अपने पारिवारिक संबंधों को भी याद किया तथा साइंस कॉलेज के उत्कृष्ट शिक्षकों और शोध कार्य की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि साइंस कॉलेज के स्वर्णिम इतिहास व कर्मठ अध्यापकों को ध्यान में रखकर हमेशा दायित्व सौंपता हूं। वहीं इस अवसर पर महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1948 के प्रथम बैच के छात्र रहे डॉक्टर एस आर गुप्ता तथा दूसरे बैच के छात्र रहे गोपाल व्यास को सम्मानित किया गया। दोनों पूर्व छात्रों ने अपने पुराने अनुभवों को साझा भी किया। वहीं महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे कुछ विशिष्ट शिक्षाविदों प्रोफेसर अवध राम चंद्राकर, प्रोफेसर हर्षवर्धन तिवारी, प्रोफेसर अरुण दाबके तथा प्रोफेसर एम एल नायक को महाविद्यालय परिवार ने सम्मानित किया।

---

उद्यान विभाग के अधिकारियों को उद्यानिकी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देश

# उद्यानिकी फसलों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर 3 लाख रुपए तक का ऋण

### कृषि उत्पादन आयुक्त ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहें है। राज्य शासन द्वारा उद्यानिकी फसल उत्पादक कृषकों को तीन लाख रुपए तक की सीमा तक शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराने दिया जा रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को उद्यानिकी योजनाओं के साथ ही उद्यानिकी फसलों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर दी जा रही अल्पकालीन सुविधा के भी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। वे आज उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उद्यानिकी विभाग के संचालक माथेश्वरन व्ही. सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि धान के बदले अन्य फसल लिये जाने पर प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, इसका भी प्रचार-प्रसार करें। डॉ. सिंह ने विभाग के फ्लैगशीप योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि गौठानों में तैयार किये गये उत्पादों के विक्रय के लिए आस-पास के विभिन्न संस्थाओं तथा स्कूल, आश्रम, कैम्प (बी.एस.एफ, केन्द्रीय एवं अन्य पुलिस बल), छात्रावास, चिकित्सालय, आंगनबाड़ी इत्यादि संस्थाओं से सामुदायिक बाड़ियों को लिंक किया जावे। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को उद्यानिकी उत्पादों के सैल्फ लाइफ को बढ़ाने के संबंध में विभाग से जिमीकंद एवं कटहल के सैम्पल को रेडिएशन की प्रक्रिया कराये जाने के लिए भाभा एटोमिक रिसर्च सेन्टर मुम्बई भेजे जाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में राज्य पोषित योजना के घटक कम्यूनिटी फैसिंग हेतु आगामी वर्ष 2023-24 हेतु भी पूर्ति खरीफ मौसम में पूर्ण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में कम्यूनिटी फैसिंग का नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल योजनांतर्गत चयनित किये गये कृषकों के साथ अभिसरण कर योजना का लाभ दिए जाने कहा गया। नेशनल मिशन ऑन एडीबल आयल-ऑयल पॉम योजना की समीक्षा करते हुए डॉ. सिंह ने योजनांतर्गत अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही रोपण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु अन्य नवीन संस्थाओं के साथ अनुबंध किया जाने को भी कहा।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के समीक्षा दौरान उन्होंने कहा कि जिलों से चर्चा कर वर्ष 2022-23 में जिन घटकों की पूर्ति जिन जिलों द्वारा नहीं की जा सकेगी उन घटकों के लक्ष्य परिवर्तित कर अन्य जिलों को आबंटित किया जावे। बैठक में माथेश्वरन व्ही द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु प्राप्त आबंटन एवं अद्यतन हुए व्यय की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में अपर संचालक उद्यान भूपेद्र कुमार पाण्डेय, संयुक्त संचालक उद्यान व्ही के चतुर्वेदी, संयुक्त संचालक (अभियंत्रिकी) एम पी अवधिया, उप संचालक उद्यान (द्रय) नीरज कुमार शाहा एवं मनोज कुमार अम्बष्ट तथा समस्त जिलों के उप एवं सहायक संचालक उद्यान उपस्थित थे।

### स्कूलों के छात्र-छात्राओं में बागवानी के प्रति रूचि बढ़ाने का प्रयास

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के घटक मधुमक्खी पालन का क्रियान्वयन वन विभाग से समन्वय कर अधिक वन क्षेत्र वाले जिलों में किया जावे। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिलों को प्रदायित राशि में सर्वप्रथम राज्य पोषित योजनाओं की पूर्ति तद्पश्चात् केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की पूर्ति एवं उक्त दोनो योजनाओं की पूर्ति होने के उपरांत डीएमएफमद का उपयोग किया जावे। उद्यानिकी मित्र योजना की समीक्षा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि हायर सेकेण्डरी स्कूलों में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी प्रदान किए जाए, जिससे स्कूलों के छात्र-छात्राओं में बागवानी के प्रति रूचि बढ़े एवं स्कूल शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर कृषि कार्यों को भी रोजगार के रूप में अपनाया जावे। उन्होंने समस्त राज्य एवं केन्द्र पोषित योजना अंतर्गत किये जा चुके कार्यों की शत् प्रतिशत वित्तीय पूर्ति मार्च माह से पूर्व करना सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने राज्य एवं केन्द्र पोषित योजनांतर्गत उद्यानिकी प्रशिक्षण एवं भ्रमण संबंधित कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा।

---

'महिला हिंसा के विरुद्ध लैंगिक संवेदनशील दृष्टिकोण' पर कार्यशाला का आयोजन

# पुलिस व 'बिहान' के कर्मचारियों, जेंडर मास्टर ट्रेनर्स और परामर्शदाताओं को दी गई जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), पुलिस विभाग और चैतन्य वाइज संस्था द्वारा 'महिला हिंसा के विरुद्ध लैंगिक संवेदनशील दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित कार्यशाला में पुलिस विभाग व 'बिहान' (छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) के कर्मचारियों, जेंडर मास्टर ट्रेनर्स और परामर्शदाताओं को महिला हिंसा से जुड़े कानूनों और इसके विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला हिंसा के विरुद्ध लैंगिक संवेदनशील दृष्टिकोण के माध्यम से सभी विभागों के साथ समन्वयन स्थापित कर कार्य करना था।




पुलिस उप महानिरीक्षक मिलना कुर्रे ने कार्यशाला में पुलिस विभाग द्वारा महिला हिंसा के विरुद्ध संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। पुलिस सहायक महानिरीक्षक पूजा अग्रवाल ने जिलों में स्थापित महिला परामर्श केंद्र, अभिव्यक्ति मोबाइल एप्प, महिला हेल्प डेस्क और थानों में स्थापित महिला सेल के बारे में बताया। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से कार्यशाला में हिस्सा लेने आईं सुश्री उषारानी ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित लैंगिक समानता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने जेंडर भेदभाव, जेंडर रिसोर्स सेंटर, जेंडर फोरम इत्यादि की विस्तार से जानकारी दी।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य संचालन अधिकारी सुश्री एलिस लकड़ा ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ में संचालित जेंडर इंटीग्रेशन के बारे में बताया। उन्होंने पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को किस प्रकार पूरी तरह स्थापित किया जाए, इसकी जानकारी दी। चैतन्य वाइज संस्था की कार्यकारी निदेशक सुश्री कल्पना पन्त ने लैंगिक भेदभाव पर 'बिहान' और चैतन्य वाइज संस्था के समन्वय से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना समन्वयक सुविज्ञ पाठक ने महिला हिंसा के विरुद्ध विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया।

रायपुर के सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी आकाश शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांकेर के सचिव डायमंड कुमार गिलहरे ने कार्यशाला में महिला हिंसा से जुड़े कानूनों और इन मामलों पर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। कार्यशाला में 14 जिलों के पुलिस विभाग के कर्मचारियों, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न जिलों में कार्यरत कर्मचारियों, जेंडर मास्टर ट्रेनर्स एवं परामर्शदाताओं ने भाग लिया।

---

# जन चौपाल के माध्यम से निगम आयुक्त ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

### जिले के विभिन्न विकासखंड से आए लोगों ने दिए 30 से अधिक आवेदन

**रायपुर ( ए )।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में सोमवार को नगर निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट में जन चौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने जन चौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडो के दूर-दराज से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों, महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को सुना और उन आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ आम लोगों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करे।




जनदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने ग्राम पंचायत अकोली में पहाड़ी तालाब से बड़ी डबरी तक पक्का सिंचाई नाली निर्माण कार्य स्वीकृत कराने और रेलवे स्टेशन मांढर से कोयला परिवहन करने वाले वाहनों को तालपत्री से ढकवाने, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन रायपुर ने शहीद स्मारक भवन रायपुर में कार्यालय एवं बैठक हॉल उपलब्ध कराने, धरसींवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलयारी के सुरेश डहरिया ने गांव में मकान बनाने के लिए जमीन और अनुदान राशि की मांग को लेकर आवेदन दिया।

इसी तरह गुढ़ियारी रोड रायपुर निवासी मीना जयसवाल ने जमीन के नामांतरण हेतु, दोंदेकला निवासी निकम वैष्णव ने प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान बनाने, आरंग के ग्राम भानसोज निवासी जगमोहन बघेल ने खसरे में त्रुटि सुधार कर जमीन में कब्जा दिलाने, ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड 22 के प्रमोद साहू, राजशेखर चौबे, गुलाब साहू और विपिन देशमुख ने सार्वजनिक नाली से अतिक्रमण हटाने आवेदन दिया। इसी तरह अन्य लोगों ने भी अपनी शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

---

# प्रदेश में धान खरीदी का आकड़ा 105 लाख मीट्रिक टन से पार



### 23.12 लाख किसानों ने बेचा धान

### धान के एवज में किसानों को 21,587 करोड़ रूपए का भुगतान

### कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा 83 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 1 नवम्बर 2022 से शुरू हुई धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। प्रदेश में धान खरीदी का आंकड़ा अब तक के रिकार्ड तोड़ते हुए आज की तिथि में 105 लाख मीट्रिक टन से पार हो गया है। धान खरीदी का यह अभियान अभी 31 जनवरी 2023 तक जारी रहेगा। राज्य के 23.12 लाख किसानों ने धान विक्रय किया है। धान के एवज में किसानों को 21,587 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 105 लाख मीट्रिक टन में से 91 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 83 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 23 जनवरी को 16 हजार से अधिक किसानों से 63 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 4 हजार टन धान की भी खरीदी हुई है।

गौरतलब है कि इस साल राज्य में 25.96 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.30 लाख नये किसान शामिल हैं। किसानों को धान विक्रय में सहूलियत हो इस लिहाज से इस वर्ष राज्य में 135 नए उपार्जन केन्द्र शुरू किए गए, जिससे राज्य में धान खरीदी के लिए 2617 उपार्जन केन्द्र हो गया हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। इसी तरह राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। राज्य सरकार इस वर्ष प्रदेश के पंजीकृत किसानों से लगभग 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की चहल-पहल और धान की आवक से अनुमानित आंकड़े पार हो जाएंगे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# नींबू पानी बना सकता हैं सर्दियों में आपकी सेहत, ये है इससे मिलने वाले फायदे

गर्मियों के दिनों में आपने कई बार नींबू पानी या शिकंजी का सेवन किया होगा जो एनर्जी ड्रिंक का काम करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सर्दियों में भी नींबू पानी का सेवन किया जाता हैं जो सेहत के लिए बहुत लाभकारी होती हैं। हांलाकि यहां इसे गुनगुने पानी के साथ बनाया जाता हैं। नींबू में विटामिन सी, एंटी ऑक्सीडेंट, पोटेशियम, साइट्रिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड जैसे कई जरूरी तत्व हैं। सर्दियों में नींबू पानी का सेवन करने से आपके शरीर क कई तरह के फायदे मिलते हैं। सुबह-सुबह खाली पेट इसका सेवन चमत्कारी फायदे पहुंचाने का काम करेगा। तो आइये जानते हैं कि किस तरह सर्दियों में आपकी सेहत को बनाने का काम करता हैं नींबू पानी।

### इम्यूनिटी करे बूस्ट

सर्दियों के सीजन में वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण फैलने का खतरा काफी ज्यादा होता है। ऐसे में नींबू का पानी आपके लिए काफी हेल्दी हो सकता है। इसके सेव न से आपकी इम्यून पावर बूस्ट होती है, जो सर्दी-खांसी जुकाम जैसी परेशानी को कम कर सकता है। लेकिन ध्यान रखें कि नींबू पानी को हमेशा गुनगुने पानी से ही तैयार करें। इससे आपको अधिक लाभ होगा।

### वजन कम करने में मददगार

सर्दियों के मौसम में अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो आपको नींबू पानी का सेवन जरूर करना चाहिए। क्योंकि नींबू पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और वजन कम करने में फायदा मिलता है।

### पाचन में सुधार

गर्म नींबू पानी से शरीर में मौजूद विषैले तत्व यूरिन के जरिए बाहर निकल जाते हैं, जिससे पाचन क्रिया मजबूत होती है। इसके अलावा सुबह खाली पेट गर्म नींबू पानी पीने से अपच, एसिड रिफ्लेक्ट और पेट की सूजन से राहत मिलती है।

### शरीर को रखे हाइड्रेट

सर्दियों में अधिकतर लोग कम पानी का सेवन करते हैं। दरअसल, इस सीजन में प्यास का एहसास काफी कम होता है, जिसकी वजह से काफी लोग कम पानी पीते हैं। ऐसे में डिहाइड्रेशन होने की समस्या हो सकती है। इस तरह की समस्याओं से बचने के लिए नींबू का पानी आपके लिए हेल्दी हो सकता है। नींबू का पानी पीने से सर्दियों में होने वाली डिहाइड्रेशन की परेशानी से बचा जा सकता है।

### हाइपरटेंशन से राहत

रिपोर्ट के मुताबिक, 31 फीसदी पुरुष और 26 फीसदी महिलाएं हाइपरटेंशन का शिकार होती हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि इसे कंट्रोल करने में खान-पान सबसे अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में हाइपरटेंशन को कंट्रोल करने के लिए आप गर्म शिकंजी का सेवन भी कर सकते हैं।

### स्किन पर लाए ग्लो

स्किन पर निखार पाने के लिए आप नींबू का सेवन कर सकते हैं। नींबू में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटीवायरल, एंटीफंगल गुण पाया जाता है, जो स्किन से वायरल और संक्रमण परेशानी को दूर कर सकता है। नियमित रूप से नींबू का पानी पीने पर निखार आ सकता है। साथ ही यह एक्ने और पिंपल्स की समस्याओं से भी राहत दिलाने में प्रभावी है।

### लीवर को रखें स्वस्थ

लीवर की सेहत मेटाबॉलिज्म का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और गर्म नींबू पानी पीने से लीवर साफ होता है और वह दिनभर सक्रिय रहता है। इसके अलावा सुबह गर्म नींबू पानी पीने से लीवर की एनर्जी भी रिस्टोर होती है।

### कैंसर-विरोधी

नींबू के ऑक्सीकरण-रोधी तत्व कैंसर के खतरे को कम करते हैं। दरअसल, कैंसर ऐटिड वाली जगह में अधिक पनपता है और नींबू पानी का सेवन ऐसिड को बेअसर कर देता हैं। इससे शरीर में कैंसर कोशिकाएं बढ़ ही नहीं पाती।

# कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स का विकल्प बन सकता है मेकअप सेटिंग स्प्रे

मेकअप सेटिंग स्प्रे चेहरे पर किए गए मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने में मदद कर सकता है। इसका एक छिड़काव त्वचा को तरोताजा करने और इसे बाहरी अशुद्धियों से सुरक्षित रखने में भी सहायक है। हालांकि, इसका इस्तेमाल सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। आप चाहें तो कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स के विकल्प के तौर पर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए आज मेकअप सेटिंग स्प्रे से जुड़े पांच बेहतरीन हैक्स के बारे में जानते हैं।



### आइब्रो को सेट करने में कर सकता है मदद

कई बार आइब्रो स्टाइल करने के बाद भी सही आकार में नहीं रहती हैं। ऐसे में आईब्रो पेंसिल से अपनी आइब्रो बनाने के बाद आइब्रो ब्रश पर थोड़ा मेकअप सेटिंग स्प्रे करके इसे अपनी आइब्रो पर धीरे से फेरें। यह आपकी आइब्रो को घना और प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें लंबे समय तक सही आकार में रखने में मदद करेगा।

### बतौर प्राइमर करें इस्तेमाल

अपने चेहरे पर मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन को लगाने के बाद अपने मेकअप बेस के लिए प्राइमर का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, अगर आपका प्राइमर खत्म हो गया है तो फ्लॉलेस बेस बनाने के लिए अपने मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। इसके लिए चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे लगाएं। इसके बाद कंसीलर और फाउंडेशन से इसे पूरा करें।

### आईशैडो बेस के रूप में लगाएं

कुछ आईशैडो शेड आंखों पर सही ढंग से लगते नहीं है, लेकिन आप चाहें तो मेकअप सेटिंग स्प्रे से इस काम को भी आसान बना सकते हैं। इसके लिए अपनी आंखों पर सेटिंग स्प्रे का छिड़काव करें और इसे किसी मेकअप ब्रश या स्पंज से सेट करें। इसके बाद एक न्यूड आईशैडो को अपनी आंखों पर लगाएं, फिर इसके ऊपर अपना पसंदीदा आईशैडो शेड लगाएं।

### खुद का आईलाइनर बनाने के लिए करें इस्तेमाल

अगर आप अपने क्लासिक ब्लैक आईलाइनर से ऊब चुके हैं तो विभिन्न रंग के आईलाइनर बनाकर उनका इस्तेमाल करें। इसके लिए अपने जेल आईलाइनर ब्रश पर थोड़ा मेकअप सेटिंग स्प्रे छिड़कें और इसे अपने पसंदीदा आईशैडो शेड पर फेरें। जब आईशैडो शेड ब्रश से चिपक जाए तो इसे आईलिड पर आईलाइनर की तरह लगाएं। इस तरीके से आप खुद के लिए विभिन्न आईलाइनर बना सकते हैं।

### हाइलाइटर के तौर पर करें इस्तेमाल

हाइलाइटर चेहरे के बेस्ट फीचर्स को हाइलाइट करने और उसकी कुछ खामियों को छिपाने में मदद करता है। अगर आपके पास हाइलाइटर नहीं है तो आप मेकअप सेटिंग स्प्रे से भी अपने चेहरे को हाइलाइट कर सकते हैं। इसके लिए एक फैन ब्रश पर थोड़ा सेटिंग स्प्रे छिड़ककर इस पर थोड़ा कंसीलर लगाएं, फिर इसे अपने गालों पर लगाएं।

# पिछले दो साल काफी संघर्षपूर्ण रहेः निक्की तंबोली



'बिग बॉस 14 फेम निक्की तंबोली ने अपने भाई जतिन तंबोली के निधन के बाद मानसिक तनाव और भावनात्मक दर्द वाले समय को याद किया और बताया कि वह उस निराशाजनक दौर से उबरने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह भविष्य में किस तरह की भूमिकाएं करने को तैयार हैं। निक्की ने कहा, बिग बॉस' से बाहर होने के बाद से मुझे बहुत सारे प्रस्ताव मिले, लेकिन मैं सही निर्णय लेने के लिए सही मानसिक स्थिति में नहीं थी। किसी प्रियजन को खोने के दर्द से निपटना, ये पिछले दो साल वास्तव में संघर्षपूर्ण रहे हैं।


मैं खो गई थी और अपने भाई को याद करते हुए सकारात्मक रहना मुश्किल था। मैं पूरी तरह से निराशा के दौर से गुजर रही थी, यहां तक कि जब मैं हजारों लोगों के सामने मुस्कुराती थी, तब भी मैं अंदर ही अंदर मर रही थी। निक्की ने 'बिग बॉस 14', 'खतरों के खिलाड़ी 11', 'द खतरा खतरा शो' जैसे रियलिटी शो में भाग लिया है, और काल्पनिक नाटक 'सिर्फ तुम' में भी देखी गई थीं।

उन्होंने कहा, समय बीतता है लेकिन यादें जो वह पीछे छोड़ गए हैं, हमेशा मेरी आंखों के सामने घूमती रहती हैं। यहां तक कि मैंने कुछ रिजेक्शन भी झेले और कुछ म्यूजिक वीडियो को भी ना कहा। मुझे लगता है कि जो कुछ भी हुआ, वह किसी कारण से हुआ और शायद मेरे लिए कुछ और बेहतर होने वाला है।

निक्की ने बताया की वह किस तरह की भूमिकाओं को करने के लिए तैयार हैं: मुझे लगता है कि मुझमें नई चुनौतियों को स्वीकार करने का आत्मविश्वास है और अब समय आ गया है कि मैं कड़ी टक्कर दूं। मैं उस तरह की भूमिकाएं करना पसंद करूंगा, जिसमें बहुत अधिक एक्शन और बायोपिक में काम करने की इच्छा की मांग हो। मैं स्क्रिप्ट देख रही हूं और अपने विकल्प खुले रख रही हूं, लेकिन मुझे कुछ ऐसा चाहिए जिससे मैं जुड़ सकूं और खुद को ऐसा करते हुए देख सकूं।

# फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का ट्रेलर रिलीज रणबीर-श्रद्धा ने लगाया रोमांस का तड़का

श्रद्धा कपूर और रणबीर कपूर के अभिनय से सजी फिल्म का इंतजार दर्शकों को लंबे समय से है। इसे लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता का बड़ा कारण है रणबीर-श्रद्धा की नई-नवेली जोड़ी। फिल्म के निर्देशक लव रंजन हैं और जब से फिल्म का नाम सामने आया है, इसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म का नाम है तू झूठी मैं मक्कार, जिसका ट्रेलर भी अब रिलीज हो गया है।



ट्रेलर की शुरुआत रणबीर-श्रद्धा के किसिंग सीन से होती है। मक्कार प्रेमी के रूप में रणबीर का अंदाज देखने लायक है, वहीं झूठी प्रेमिका के रूप में श्रद्धा खूब ग्लैमरस लग रही हैं। फिल्म में दोनों के बीच कई रोमांटिक सीन फिल्माए गए हैं। श्रद्धा-रणबीर की केमिस्ट्री फिल्म में अच्छी लग रही है, वहीं रोमांस के साथ कॉमेडी का भी इस फिल्म में पूरा डोज मिलने वाला है। लव रंजन की फिल्म है, इसलिए इसका म्यूजिक भी शानदार है।


जल्द ही फिल्मों में कई नई जोड़ियां देखने को मिलेंगी। जहां आदिपुरुष में प्रभास पहली बार कृति सैनन संग दिखेंगे, वहीं बवाल में वरुण धवन संग जान्हवी कपूर दिखेंगी। ऋतिक रोशन-दीपिका पादुकोण फाइटर तो शाहरुख-नयनतारा की जोड़ी पहली बार एटली की फिल्म में बनी है।

श्रद्धा ने पिछले साल दिसंबर में इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर शेयर कर लिखा था, आखिरकार हमारी इस फिल्म का नाम तय हो गया। तू झूठी मैं मक्कार अगले साल होली के मौके पर यानी 8 मार्च को दर्शकों के बीच आएगी। बता दें कि यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें श्रद्धा के किरदार का नाम झूठी तो रणबीर के किरदार का नाम मक्कार होगा। टीजर में श्रद्धा और रणबीर की केमिस्ट्री पर प्रशंसकों ने जमकर प्यार लुटाया था।

प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी कई हिट फिल्में निर्देशित कर चुके लव की इस फिल्म का दर्शकों को इसलिए भी इंतजार है, क्योंकि इसके जरिए जाने-माने निर्माता बोनी कपूर अभिनय जगत में कदम रख रहे हैं। ऐसा पहली बार होगा, जब वह पर्दे पर अभिनय करते दिखेंगे। इस फिल्म में अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया भी हैं, जो बोनी की पत्नी का किरदार निभाने वाली हैं। डिंपल और बोनी फिल्म में रणबीर के माता-पिता बने हैं।

रणबीर की पिछली फिल्म ब्रह्मास्त्र हिट रही थी। वह अब इसके अगले भाग में दिखेंगे। रणबीर के पास फिल्म एनिमल भी है, जिसमें वह रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे। दूसरी तरफ श्रद्धा आखिरी बार वरुण धवन की फिल्म भेड़िया में स्पेशल डांस नंबर करती दिखी थीं। वह जल्द ही रुखसाना कौसर की बायोपिक में नजर आएंगी। रुखसाना अपने परिवार के लिए आतंकियों से भिड़ गई थीं। श्रद्धा फिल्म तेजाब के रीमेक में भी दिख सकती हैं।

# पिंक ब्रालेट में मौनी रॉय की अदाओं पर बोल्ड हुए यूजर्स तस्वीरों को देखकर थमीं सांसें



टेलीविजन एक्ट्रेस मौनी रॉय अपनी फिटनेस और बोल्डनेस के लिए सबसे ज्यादा मशहूर हैं। मौनी रॉय ने अब एक बार फिर से फैंस के साथ अपना बोल्ड अवतार शेयर किया है। मौनी रॉय के इस लुक को फैंस इसे एक्ट्रेस का शादी के बाद अब तक का सबसे सेक्सी लुक बता रहे हैं। इसके साथ ही मौनी रॉय की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर हर किसी के होश उड़ा रही हैं। मौनी की इन तस्वीरों पर नेटिजंस दिल रहे हैं।

दरअसल, मौनी रॉय ने अपना सुपरबोल्ड अंदाज इंस्टाग्राम पर ड्रॉप कर फैंस की नींदे छू मंतर कर दी हैं। इस तस्वीर में मौनी रॉय पिंक कलर की ब्रा और सफेद दुपट्टे की स्कर्ट में अपनी टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। मौनी ने अपने इस नो मेकअप लुक को खुले बालों और न्यूड मेकअप के साथ पूरा किया है।

सामने आई इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि मौनी की ओर कैमरे की ओर पोज दे रही हैं। मौनी की इस तस्वीर को नेटिजंस बढ़-चढ़कर लाइक और शेयर कर रहे हैं।

इसके साथ ही कुछ ट्रोल मौनी के इस लुक को जरूरत से ज्यादा बोल्ड भी करार दे रहे हैं। एक यूजर ने तो यहां तक कमेंट कर दिया है कि उनके पति की किस्मत बहुत अच्छी है। इसके साथ ही एक और यूजर ने मौनी का कैमरामैन बनने की इच्छा जाहिर की है।

बता दें कि मौनी रॉय 37 साल की हैं और वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। मौनी आए दिन सोशल मीडिया के जरिए ही अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं और अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स भी फैंस के शेयर करती रहती हैं। मौनी का सोशल मीडिया पेज देखें तो पूरा का पूरा उनकी एक से बढ़कर एक सेक्सी तस्वीरों से पटा हुआ है।

महादेव की सती और नागिन सीरियल की शिवन्या से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी मौनी रॉय शादी के बाद और भी कातिलाना तस्वीरें शेयर कर रही हैं। मौनी रॉय हाल ही में फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आई थी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### केन्द्रीय विद्यालय में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन

**सुकमा।** केन्द्रीय विद्यालय सुकमा में आज परीक्षा पे चर्चा 2023 कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस चित्रकारी प्रतियोगिता में सुकमा ज़िले के 17 विद्यालयों से कुल 98 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चित्रकारी के विषय प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पर बताये गये 20 मन्त्र थे। बच्चों ने प्रतियोगिता में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामग्री का वितरण केन्द्रीय विद्यालय सुकमा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट व एग्जाम वारीयर पुस्तक प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ 5 प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं स्वतंत्रता सेनानियों की पुस्तक उपहार स्वरूप भेंट की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करना एवं उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। केंद्रीय विद्यालय सुकमा में उपस्थित निर्णायकगण और स्कूल के प्राचार्य सहित शिक्षकों ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेस जनों ने किया नमन

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला के नेतृत्व में उपस्थित कांग्रेस जनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर उन्हें नमन किया गया. आयोजित कार्यक्रम में अनिल शुक्ला ने सर्वप्रथम नेताजी की स्मृति तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया तत्पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। व बाद में सुभाष चंद्र मार्ग पर पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर भी पुष्पहार अर्पित कर शुभाष चंद्र अमर रहें के नारे लगाए गए। इस अवसर पर उन्हें याद कर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने बताया स्वाधीनता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कुट्टक गांव में हुआ। उनके पिता जानकीनाथ बोस वकील थे। उनकी माता का नाम प्रभावती था। सुभाषचन्द्र बोस के मन में देशप्रेम, स्वाभिमान और साहस की भावना बचपन से ही बड़ी प्रबल थी। अपनी छोटी आयु में ही सुभाष चंद्र जी ने यह जान लिया था कि जब तक सभी भारतवासी एकजुट होकर अंग्रेजों का विरोध नहीं करेंगे, तब तक हमारे देश को उनकी गुलामी से मुक्ति नहीं मिल सकेगी। जहां सुभाष के मन में अंग्रेजों के प्रति तीव्र घृणा थी, वहीं अपने देशवासियों के प्रति उनके मन में बड़ा प्रेम था। उद्धासित कर राष्ट्र के युवकों के लिए आजादी को आत्मप्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेने हेतु जोश भरने का भी कार्य करते थे।

भारतीय शिक्षा के इकोसिस्टम में बेहतरी और 112 गावों को गोद लेकर उसके उत्थान व अनेक उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान

# लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजे गए कोनेरू सत्यनारायणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

विशाखापट्टनम। एक ओर बड़ी और शानदार उपलब्धि को अपने नाम के साथ जोड़ते हुए केएल डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी के चांसलर, इंजीनियर कोनेरू सत्यनारायण को शिक्षा जगत में उनकी बेजोड़ सेवाएं, परोपकारी योगदान और कार्यनिष्ठा के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाज़ा गया। लोक नायक फ़ाउंडेशन विशाखापत्तनम द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हें भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के हाथों से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला। यह एक बड़े गौरव की बात है।



पिछले चार दशकों से इंजीनियर कोनेरू सत्यनारायणा ने अपनी गहरी लगन और कड़ी मेहनत के चलते भारतीय शिक्षा के इकोसिस्टम में बेहतरी के लिए अपना बहुत बड़ा योगदान दिया है और इतना ही नहीं उन्होंने तकनीकी एजुकेशन सेक्टर के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सत्यनारायण समाज सेवा और ग्रामीण उत्थान के प्रबल समर्थक हैं और वो इस दिशा में पूरी निष्ठा से काम करने के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं। एक महान फ़िलनथ्रोपिस्ट होने के नाते उन्होंने ग्रामीण विकास को हमेशा ही प्रोत्साहित किया है और अपने आउटरीच कार्यक्रमों की मदद से इन पिछड़े हुए गांव के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों और महिलाओं का समर्थन भी लगातार ही जोरों शोरों से किया है। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने 112 गांवों को गोद लेकर वहां के उत्थान की जिम्मेदारियों के भार को अपने कंधों पर लिया है और वो उन्हें स्मार्ट विलेज बनाने में जिस तरह और जितनी भी मुमकिन हो सके उतनी मदद हमेशा से करते आ रहे हैं।

कोनेरू सत्यनारायणा ने निर्धन बैकग्राउंड के छात्रों को स्कॉलरशिप्स और फीस में रियायत देकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित भी किया है। वह इस बात में विश्वास रखते हैं की शिक्षा सभी का बराबर अधिकार है और रिसोर्सेज की कमी किसी भी गरीब छात्र के प्रगतिशील करियर में बाधा नहीं बनना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने पिछड़ी और अनपढ़ महिलाओं के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए अपने विश्वविद्यालय में वूमेन वेलफेयर विंग के गठन समेत बहुत सी अलग-अलग नारी सशक्तिकरण परियोजनाओं का नेतृत्व भी किया है ।

इस मौके पर अपनी खुशी और विचार प्रकट करते हुए केएल डीम्ड टू-बी यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट और चांसलर कोनेरू सत्यनारायणा ने कहा कि इस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत ही ज्यादा खुशी हो रही है। मैं काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इतने बड़े और प्रतिष्ठित सम्मान से मुझे नवाजने के लिए मैं ज्यूरी मेंबर्स और इस आयोजन समिति का तहेदिल से आभार प्रकट करता हूं। अपनी सालों की सर्विस के दौरान शिक्षा क्षेत्र में कई बेहतरीन बदलावों को देखना मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है और मेरा मानना है कि केवल कड़ी मेहनत और दृढ़ता से ही नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है, ये दोनो चीज़ें ही सफलता का राज़ और प्रवेश द्वार है।

आपको बता दे की ये भव्य उत्सव हर साल 18 जनवरी को दिवंगत अभिनेता एनटी रामाराव और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के दिवंगत पिता हरिवंश राय बच्चन के सम्मान की निशानी के रूप में जोरों शोरों से मनाया जाता है। इन दोनों का निधन इसी तारीख को हुआ था । और इस वर्ष (2023) को एनटीआर की जन्म शताब्दी के रूप में इसे चिह्नित किया गया था ।

# कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर किसानों के हित के लिए दी करोड़ो की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने किसानों के हित के लिए कृषि उपज मंडी के विकास, किसान कुटीर निर्माण सहित विभिन्न कार्य के लिए करोड़ों रूपए सौगात दी। उन्होंने कृषि उपज मंडी में 4 करोड़ 50 लाख 94 हजार रूपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने शिलान्यास एवं भूमिपूजन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित एवं कल्याण के लिए कबीरधाम जिले में 30 नए सेवा सहकारी समिति का बनाए गए है। पहले जिले में 60 सहकारी समितियां थी। इसी प्रकार 90 धान खरीदी को बढ़ाकर 107 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए है। इससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। पूर्व में जिले के इन सभी नए समितियां के कार्यालय एवं सहगोदाम मे लिए राज्य सरकार से 7 करोड़ 66 लाख 80 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही आज 4 करोड़ 50 लाख 94 हजार रूपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया। उन्होने कहा कि किसानों हित, कल्याण और उनके सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जन आकांक्षाओं अनुरूप पूरे जिले में तीस नए सहकारी समिति का पुर्नगठन किया गया है। इससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। नए समितियां और धान खरीदी केन्द्र बनने से किसानों का समय बचा है। दूरियां कम हुई है। इससे कृषि लागत में कमी और आमदनी में बढौतरी हो रही है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कृषि उपज मंडी में 4 करोड़ 50 लाख 94 हजार रूपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 77 लाख 26 हजार रूपए की लागत से उपमंडी बिरनपुर कला में सीसी रोड़ निर्माण, 73 लाख 68 हजार की लागत से उपमंडी बिरनपुर कला में 01 नग कव्हर्ड शेड निर्माण, 14 लाख 49 हजार रूपए की लागत से ग्राम खैरबना कला बाजार में सीसी रोड़, 14 लाख 49 हजार रूपए की लागत से ग्राम बचेड़ी में सीसी रोड़, 14 लाख 54 हजार रूपए की लागत से ग्राम चिल्फी में सीसी रोड़, 6 लाख 54 हजार रूपए की लागत से ग्राम लासाटोला में सडक निर्माण, 07 लाख 95 हजार रूपए की लागत से ग्राम महराटोला में सड़क निर्माण कार्य, 14 लाख 52 हजार रूपए की लागत से ग्राम घुघरीकला में, 14 लाख 46 हजार रूपए की लागत से ग्राम पोड़ी में सड़क, 12 लाख 21 हजार रूपए की लागत से ग्राम सैगोना स्थित भूमि में बाउड्रीवॉल निर्माण, 12 लाख 56 हजार रूपए की लागत से ग्राम सैगोना स्थित भूमि में केटिंन निर्माण, 4 लाख 77 हजार रूपए की लागत से नवीन मंडी कार्यालय भवन के बाजू में वाहन स्टैंड निर्माण, 13.11 लाख-13.11 लाख रूपए की लागत से सेवा सहकारी समिति खैरबना, लालपुर, रौचन, महराजपुर, राजानवागांव, बिडोरा, मोहगांव, सुरजपुरा, कुरवा, सलिहा, चिल्फी, बोड़ला, मैनपुरी और पोड़ी में किसान कुटीर निर्माण शामिल है।

कैबिनेट मत्री अकबर ने बताया कि किसान कुटीर भवन में किसानों के लिए एक कमरा बनेगा। एक हाल रहेगा। महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग सर्वसुविधायुक्त शौचालय बनाया जाएगा। सामने बाउंड्री रहेगी। सभी सोसायटी में किसान किसी न किसी काम से पहुंचते है। ऐसे में किसानों के लिए कुटीर भवन बनाने शासन ने सकारात्मक पहल की है। भवन बनने के बाद किसानों को राहत मिलेगी।

## मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। श्री बघेल ने इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कांस्य मेटल से निर्मित यह आदमकद मूर्ति 12 फीट ऊंची और 2 टन वजनी है। इस मूर्ति को पूर्व में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के क्रम में स्थापित किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 10 दिसम्बर 2020 को सोनाखान में शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की थी। छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारी, सोनाखान के माटी सपूत, जिले की शान, सन 1857 की क्रांति के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा की स्थापना से न केवल जिला परिसर बल्कि पूरा प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। इस प्रतिमा से छत्तीसगढ़ की स्वर्णिम इतिहास की झलक दिखलायी दे रही है।

# राज्यपाल सुश्री उइके ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर द ग्रेट इंडिया स्कूल परिसर मंदिर हसौद में उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। प्रतिमा अनावरण उपरांत मुख्य समारोह का शुभारंभ राज्यपाल सह अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिये अत्यंत गौरव की बात है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नेता जी के विचारों को जीवन में आत्मसात करें। राज्यपाल ने कहा कि नेता जी को राष्ट्र, अपने जीवन से अधिक प्रिय था और देश के लिये उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल, बच्चों में राष्ट्रीयता और देश प्रेम की भावना जगाने में अपना अहम योगदान दे रहा है, जो सराहनीय है। राज्यपाल सु उइके ने आगे कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से देशवासियों को आजादी के नायकों के बारे में तथ्यपूर्ण जानकारी मिली, हमें राष्ट्र के ऐसे नायकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गौरव की बात है कि इस पहल विद्यार्थी अपने देश के उन गुमनाम नायकों के बारे में भी जान सके, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देश की आजादी में समर्पित किया।

राज्यपाल ने बच्चों से अपने विद्यार्थी जीवन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें एन.एस.एस. के माध्यम से अनुशासन की सीख मिली और देश-प्रेम की भावना भी अंकुरित हुई। एन.एस.एस. के माध्यम से ही स्वाभिमानी बनने की सीख मिली और यथा संभव अपने कार्य खुद करने का प्रयास किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमारी भावना और विचार अच्छे होने से हम संवेदनशील होते हैं, जो मानवीय दृष्टि से आवश्यक भी है। राज्यपाल ने शिक्षकों और अभिभावकों से कहा कि हम सभी का समन्वित प्रयास होना चाहिए कि अपनी भावी पीढ़ी की ऊर्जा का उपयोग राष्ट्रहित में कर सकें। हमें यह भी समझना होगा कि देश की सीमा में तैनात सैनिक अपने दायित्वों का निर्वहन तो कर रहे हैं, लेकिन देश के नागरिक के रूप में हमें भी अपने कर्तव्य निभाने होंगे। अपने परिवेश की स्वच्छता, सामाजिक सौहार्द, राष्ट्र प्रतीकों का सम्मान, राष्ट्रीय सम्पत्ति की रक्षा कर हम भी देश के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके संदेशों की व्याख्या की और विद्यार्थियों को उसका अनुसरण करने को कहा। इस मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों और तनाव प्रबंधन पर लिखित 'एक्जाम वारियर्स' पुस्तक पढ़ने को कहा और विद्यार्थियों के जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। राज्यपाल सु उइके ने विद्यार्थियों को राजभवन भ्रमण के लिए भी आमंत्रित किया।

इस मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा देश के सैनिकों के परिजनों के लिए एकत्रित की गई सहयोग राशि के संबंध में राज्यपाल को जानकारी दी गई और इसे शीघ्र ही रक्षा मंत्रालय भेजने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## परीक्षा पे चर्चा के तहत केन्द्रीय विद्यालय में हुई चित्रकला प्रतियोगिता, 27 को पीएम मोदी करेंगे छात्र-छात्राओं से चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जगदलपुर (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष की तरह इस बार भी देश के छात्र-छात्राओं से 'परीक्षा पे चर्चा' के तहत आगामी 27 जनवरी को चर्चा करेंगे। इसी के तहत आज केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य संतोष कुमार पॉल ने बताया कि पिछले दो वर्षों में कोरोना वायरस का संक्रमण अधिक होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी कुछ बाधा आयी थी जिसके कारण परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं में तनाव उत्पन्न हो जाता था, जिसे दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विद्यार्थियों से परीक्षा के पूर्व 'परीक्षा पे चर्चा' करके छात्र-छात्राओं के तनाव को दूर करने का प्रयास करते है, जिससके परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा देते है। इसी के तहत आज 'परीक्षा पे चर्चा' के तहत छात्रा-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर, नवोदय विद्यालय जगदलपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के स्कूलों एवं सीबीएसई पैटर्न वाले निजी स्कूलों के 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिए और आकर्षक पेंटिंग बनाए है। इस प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने दूरदर्शन से करते हुए कहा कि निश्चित रूप से परीक्षा का नाम आते ही हमारे मन में तनाव आ जाता है। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा के पूर्व हम विद्यार्थियों से परीक्षा के संबंध में चर्चा करते हैं तो तनाव कम हो जाता है और हमारे मन में परीक्षा को लेकर साकारात्मकता आ जाती है और हम परीक्षा को भी एक वार्षिक उत्सव के रूप में मनाते है। परीक्षा को लेकर हमारे तनाव को दूर करने के लिए इस तरह का आयोजन करना बहुत अच्छा है।


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर




### ट्रांसपोर्ट इंद्रजीत सिंह को धमकी मामले में दो और गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह (छोटू) को जान से मारने की धमकी वाले मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में गुरुमुख सिंह उर्फ गाबू एवं गुरुवीर सिंह उर्फ रूबी को सोमवार को गिरफ्तार किया। इंद्रजीत सिंह को धमकी भरा पत्र भेजने के मामले में इन दोनों की संलीप्तता भी सामने आई है। इससे पहले पुलिस ने इस मामले में राजेश गुप्ता व सोनू उर्फ सतबीर सिंह को गिरफ्तार था।

बता दें 5 जनवरी 2023 को हैवी ट्रांसपार्ट कंपनी हथखोज के संचालक इंद्रजीत सिंग उर्फ छोटू ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनके पास 3 जनवरी 2023 को पोस्ट के माध्यम से उसे एक डॉक लिफाफा आया। लिफाफा फाड़ कर देखा तो अंदर पत्र था जिसमें भेजने वाले का नाम नहीं था। लिफाफे के अंदर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्र में जान से मारने की धमकी देते हुये चेतावनी दी गई थी। इंद्रजीत सिंह की शिकायत पर 507 के तहत अपराध दर्ज कर दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया। तकनीकी जांच व पूछताछ के आधार पर सोमवार को मामले में गुरुमुख सिंह उर्फ  एवं गुरुवीर सिंह उर्फ रूबी को गिरफ्तार किया गया।

### घर के सामने से खड़ी कार उड़ा ले गया चोर, दो दिन की तलाश के बाद थाने पहुंचा कार मालिक

**दुर्ग।** इन दिनों शहर में चोरों के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। दुर्ग के सिंधिया नगर में एक मकान के सामने से कार चोरी हो गई। कार मालिक हमेशा अपनी कार को यहीं रखता था। रात को सोने से पहले उसने कार सही सलामत देखी लेकिन सुबह उठकर देखा तो कार गायब मिली। दो दिन यहां वहां तलाश करने के बाद तीसरे दिन थाने पहुंचकर इस मामले की शिकायत दर्ज कराई। मोहन नगर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

मोहन नगर पुलिस ने बताया कि सिंधिया नगर राणे किराना स्टोर्स के सामने एसके वर्मा के मकान के पास की यह घटना है। इस मकाम में एम सुधाकर नाम का शख्स किराए में रहता है। दुर्ग साइंस कॉलेज के पास इनकी स्टेशनरी की दुकान है। रोज की तरह 20 जनवरी को घर पहुंचा तो उसकी कार घर के बाहर की खडी थी। 21 जनवरी को सुबह देखा तो कार गायब थी। कार का नंबर CG 10 F 6992 है। कार 2009 मॉडल की है और वर्तमान में इसका बाजार मूल्य 55 हजार रुपए के करीब है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### नाबालिग समेत चार गांजा तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** पुलिस ने ओडिशा से मध्यप्रदेश गांजा की तस्करी करने वाले नाबालिग समेत चार तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उनसे 21 किलो गांजा जिसकी कीमत 2.20 लाख रूपए है, बरामद किया है। ये मामला सिरगिट्टी और तारबाहर थाना क्षेत्र का है।

पुलिस अफसरों को पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के गांजा तस्करों के लिए बिलासपुर रूट सेफ जोन बन गया है। तस्कर ओडिशा से ट्रेन से आते हैं और यहां से रूट बदलकर गांजा सप्लाई करते हैं। पुलिस को जानकारी मिली कि दो संदेही जगदलपुर से आने वाली बस से उतरकर ऑटो की तलाश में हैं। उनके पास रखे बैग में संदिग्ध सामान है। जानकारी मिलते ही उन्होंने पेट्रोलिंग टीम को भेजकर जांच करने के निर्देश दिए। खबर मिलते ही टीम जब पहुंची, तब एक युवक व 16 साल का लड़का बैग के साथ मिले।

## स्टंटबाजों पर सोशल मीडिया पड़ रहा भारी

# दुर्ग पुलिस ने वायरल वीडियो देख दो पर लगाया जुर्माना

### एक बाइक लहरा रहा था तो दूसरा बस में देख रहा था मोबाइल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में स्टंट करने वाले बाइकर्स व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों पर सोशल मीडिया भारी पड़ रहा है। एक दिन पहले ग्लोब चौक से एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने लोगों से अपील की थी कि जो भी बाइकर्स स्टंट करता दिखे तो उसकी वीडियो बनाकर पुलिस को भेजें। एसपी की अपील की असर भी हो रहा है। सोमवार को यातायात पुलिस ने ऐसे दो लोगों पर कार्रवाई की है। एक बाइकर सड़क पर स्टंट कर रहा था तो दूसरा बस चलाते समय मोबाइल पर मस्त दिख रहा था। इन दोनों पर यातायात पुलिस ने जुर्माना लगाया है।





बता दें एक दिन पहले शहर में बाइक पर रोमांस करने वाले प्रेमी जोड़े का वीडियो वायरल हुआ था। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पुलिस ने भी देखा। शहर में इस प्रकार की हरकत पर पुलिस भी काफी आक्रोशित थी और वीडियो वायरल होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी स्टंटबाज बाइक सवार प्रेमी जोड़े को पकड़ लिया। इनके साथ एक और जोड़ा भी पकड़ाया। रविवार रात को ग्लोब चौक पर इनकी जमकर क्लास भी ली। इस दौरान एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने लोगों से अपील की थी कि ऐसे बाइकर्स की वीडियो बनाकर पुलिस को भेजे। एसपी पल्लव ने अपना नंबर भी जारी किया था।

दुर्ग पुलिस द्वारा सोमवार को की गई ताजा कार्रवाई में एक बाइक सवार अपनी मोटरसाइकिल को सड़क पर लहराते हुए चला रहा था। वहीं दूसरा बस चालक है जो ड्रायवरी के दौरान मोबाइल देख रहा था। दुर्ग पुलिस के ट्वीटर पेज पर बस क्रमांक सीजी 08 एम 0301 जो दुर्ग से राजनांदगांव के बीच चलती है। इसके चालक संजू साहू के द्वारा शिवनाथ नदी ओव्हरब्रिज के उपर बस चलाते हुए मोबाईल का उपयोग करते पाया गया। बस मालिक को सूचीत कर यातायात कार्यालय नेहरू नगर लाकर उप मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार यातायात हेल्पलाइन नम्बर पर मरोदा ओव्हर ब्रिज के पहले बुलेट क्रमांक सीजी 07 सीडी 3823 वाहन चालक नवीन कुमार जानबुझकर वाहन को लहराते चलाने की शिकायत मिली। इसके बाद वाहन और चालक को नेहरू नगर यातायात कार्यालय लाकर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 एवम 3/181 के तहत कार्रवाई की गई। दोनों पर क्रमश: 3000 व 2300 रुपए का फाइन किया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की हरकतें न करने की समझाइश दी गई।

## रावलमल जैन हत्याकांड के आरोपी पुत्र संदीप जैन को मौत की सजा



**भिलाई।** दुर्ग शहर की सनसनीखेज घटना रावलमल जैन हत्याकांड में सोमवार को कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। लगभग चार साल से चल रहे मामले में जिला न्यायालय ने आरोपी संदीप जैन को मौत की सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट ने इसके दो सहयोगियों शैलेन्द्र सिंह सागर और भगतसिंह गुरुदत्ता को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। इन पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

बता दें एक जनवरी 2018 दुर्ग में दोहरा हत्याकांड हुआ था। से हुई थी। एक जनवरी 2018 की सुबह-सुबह नगपुरा पार्श्वनाथ तीर्थ के ट्रस्टी रावलमल जैन व उनकी पत्नी सुरजी देवी जैन की उनके घर पर ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने रावलमल जैन के बेटे संदीप जैन को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। संदीप जैन को इस हत्याकांड में कारतूस शैलेन्द्र सिंह सागर और भगतसिंह गुरुदत्ता ने सप्लाई की थी। इस मामले में जिला न्यायालय के जज शैलेश तिवारी की कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

बीते चार सालों से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। संदीप जैन पर आरोप सिद्ध होने के बाद उसके सहयोगियों पर भी आरोप सिद्ध हो गया। रावलमल जैन की हत्या के लिए मध्य प्रदेश के सागर जिले से पिस्टल भगत सिंह लेकर आया था। उसने पिस्टल गुरुदत्त को दी। गुरुदत्त ने संदीप को एक लाख 35 हजार रुपए में पिस्टल बेची थी। इसी पिस्टल से संदीप ने अपने माता-पिता की हत्या कर दी। दोहरे हत्याकांड के चार साल बाद इस मामले में फैसला सामने आया।

## छात्रा को मुंह बोले भाई ने बनाया हवस का शिकार, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रिश्तों को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। 11वीं कक्षा की छात्रा जिसे अपना भाई मानती थी उसी ने उसके साथ मुंह काला किया। नाबालिग छात्रा को घर पर अकेला पाकर उससे रेप किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी थी। इस तरह उसने छात्रा से कई बार रेप किया। छात्रा डर के मारे किसी से कुछ बता नहीं रही थी। इस बीच छात्रा प्रेग्नेंट हो गई तब जाकर मामला खुला। इसके बाद परिजनों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अंतागढ़ थाना क्षेत्र का है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छात्रा से रेप की शुरुआत 15 जुलाई 2022 से हुई। छात्रा घर पर अकेली थी तभी उसका मुंह बोला भाई मनोज हुपेंडी (18) घर पहुंचा। छात्रा मनोज हुपेंडी को राखी बांधती थी इसलिए सहज ही थी। घर में छात्रा को अकेली पाकर मनोज ने उससे जबरदस्ती संबंध बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी



दी। इसके बाद तो सिलसिला ही शुरू हो गया। जब भी मौका मिलता वह छात्रा से रेप करता था। छात्रा के माता-पिता मजदूरी करते हैं और वे सुबह ही घर से निकल जाते हैं। मनोज इसी का फायदा उठाता था।

### दो दिन पहले बिगड़ी तबीयत

दो दिन पहले छात्रा की अचानक तबीत खराब हो गई। इसके बाद परिजनों ने नाबालिग छात्रा को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसके गर्भवती होने की पुष्टि की। इसे बाद जब परिजनों ने पूछताछ की तो उसने सारी बात बताई। छात्रा के बयान के बाद परिजनों ने अंतागढ़ थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी मनोज हुपेंडी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## नेहरू नगर में सूने मकान में लाखों की चोरी, सोने-चांदी के जेवरात व नगदी पार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू नगर में लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। यहां के एक मकान में बीती रात चोरों ने धावा बोला और घर में जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने अलमारी खोलकर सोने व चांदी के जेवर पार कर दिए है। पलंग पर जेवरातों के खाली बॉक्स पड़े हुए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। फिलहाल परिवार आउट ऑफ स्टेशन है जिन्हें सूचना दे दी गई है। परिवार के वापस आने के बाद ही चोरी का आंकलन हो पाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार नेहरू नगर ईस्ट के ब्लॉक-7, हाउस नंबर 7/10 गुप्ता निवास में बड़ी चोरी हो गई है। सोमवार को पड़ोसियों ने घर को ताला टूटा देखा तो पुलिस को सूचना दी। यह मकान एनके गुप्ता का बताया जा रहा है। गुप्ता परिवार घर से बाहर हैं और इस बीच घर पर ताला लगा हुआ था। इस बीच चोरों ने घर को निशाना बनाया। सोमवार को सूचना के बाद जब पुलिस मकान में पहुंची तो हैरान रह गई।

अज्ञात चोरों ने घर के अंदर घुसकर जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने अलमारी खोली और सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है। पुलिस रूम में देखा बेड पर जेवरात के बॉक्स पड़े थे। बॉक्सेस को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बड़ी मात्रा में चोरी हुई है। हालांकि पुलिस ने कितने की चोरी हुई है इसका खुलासा नहीं किया है। लेकिन माना जा रहा है कि घर से कम से कम 50 लाख से ज्यादा की चोरी होने का अंदेशा है। फिलहाल पुलिस ने घर वालों को सूचना दे दी है उनके वापस लौटने के बाद ही इस सही आंकलन हो पाएगा।

## जशपुर में पेड़ से टकराई कार, जिंदा जल गया शिक्षक डीआईजी, एसएसपी व एफएसएल के अफसरों ने की जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** रविवार देर रात जिले के सोनक्यारी के जंगल में कार पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद कार में आग लग गई और कार सवार जिंदा जल गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में मृत शख्स के शव को पीएम के लिए भेजा। इसके बाद पुलिस ने शव की शिनाख्त उदय भगत (33) के रूप में की। उदय भगत पेशे से शिक्षक था और सोनक्यारी स्कूल में पढ़ाता था। घटना के बाद सोमवार को डीआईजी, एसएसपी व एफएसएल के अफसरों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। फिलहाल विवेचना जारी है।



मिली जानकारी के अनुसार केसरा ग्राम निवासी उदय भगत सहायक शिक्षक के पद पर सोनक्यारी स्कूल में नौकरी करता था। रविवार को वह अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने सुबह 11 बजे आस्ता गया था। आस्ता से शाम 4:30 बजे अपने दोस्त प्रवीण के साथ मोटरसायकिल से जशपुर अपने अन्य दोस्त से मिलने गया था। उसके बाद रात करीब 8:00 बजे जशपुर से अपने घर केसरा आया। केसरा से रात्रि करीब 9:00 बजे अपनी मां से कहा कि संजय से मिलने जा रहा हूं। यह कहकर वह अपनी कार क्रमांक जेएच 01 ईके 3796 से घर से निकला था।

रात करीब 12:40 बजे उदय भगत का कार अणाकोना जंगल घाघरा रोड किनारे पेड़ से टकरा गई और उसमें आग लग गई। हादसे में कार बुरी तरह से जल गई। कार की पिछली सीट पर जली अवस्था में शव पड़ा था। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला किया पेड़ से टकराने के कार कार चला रहा उदय भगत पीछे छिटक गया। संभव है इस दौरान वह बेहोश हो गया होगा और कार के जलने से वह भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर पहुंचे एफएसएल वैज्ञानिक ने जांच की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।




सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### पराक्रम दिवस-मेघा स्कूल में हुआ विविध कार्यक्रम का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में रेडक्रास ने 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करते हुए पराक्रम दिवस मनाया द्य इसके इसके साथ ही क्रीड़ा विभाग के द्वारा स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधि एवं खेलों कबड्डी खो खो गोला फेक क्रिकेट दौड़ अन्य खेलों का आयोजन करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया द्य जिसमें क्रीड़ा प्रभारी दिलीप कुमार साहू रेडक्रॉस काउंसलर अवध राम साहू, शिक्षक जयंत कुमार साहू प्राचार्य श्रीमती भावना चावड़ा, समस्त शिक्षक एवं छात्र गुरुचरण जितेश रामकरण गुलशन जितेश झरना दामिनी, लक्ष्मी, चित्रकला आस्था ऐश्वर्या यामिनी, नेहा भावना त्रिवेणी नवभा वीणा , राजेश नमन दीपांशु रेडक्रॉस वॉलिंटियर, शाहिद खान ऋषभ शैलेंद्र कुमार कमलेश कुमार सुमन समस्त छात्र छात्राओं का भरपूर योगदान रहा।

### महक के तहत आयोजित कवि सम्मेलन से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वाधान में 21 जनवरी 2023 को महक कार्यक्रम के अन्तर्गत सिविक सेंटर पायोनियर मोनुमेंट में हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने श्रोताओं को खूब हंसाया, गुदगुदाया साथ ही वीर रस तथा हास्य रस के कविताओं ने समा बांधा। महक के तहत संयंत्रकर्मी तथा अखिल भारतीय कवि ओमवीर करन के संचालन में कवि सम्मेलन का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में कवियित्री डॉ बीना सिंह 'रागी', बिलाईगढ़ के हास्य कवि शषि भूषण स्नेही, प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा संयंत्र के व्यंग्य विधा के वरिष्ठ कवि श्री गोविंद पाल एवं श्री ओमवीर करन ने अपनी कविताओं से दर्षकों की तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन के संचालक श्री ओमवीर करन ने अपने संचालन कौषल से दर्षकों को बांधे रखा। कवि सम्मेलन में दर्षक दीर्घा में आम श्रोताओं के अलावा भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकार व प्रबुद्ध गणमान्य लोग तथा अंचल के अनेकों जाने माने कवि उपस्थित होकर कवि सम्मेलन का आनंद उठाया।

### निगम ने रविशंकर स्टेडियम परिसर के आस पास से कबाड़ गाड़ियों को हटाया

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत विगत दिनों कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के दौरान रविशंकर स्टेडियम परिसर के आस पास अतिक्रमण कर कण्डम वाहनों के कबाड़ की डम्पिंग किए जाने पर हटवाने के आदेश आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अधिकारियों ने रविशंकर स्टेडियम परिसर के आस पास जितने भी पड़े कण्डम गाड़ियों को हटाने की कार्रवाही शुरू की, इस कड़ी में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में निगम टीम द्वारा रविशंकर स्टेडियम परिसर से जेसीबी की मदद से लगभग 55 कण्डम कबाड़ गाड़ियों को हटवाया गया साथ ही 10 लोगो से 4500 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। कार्रवाही के दौरान दो कबाड़ गाड़ी को जब्त किया गया।रविशंकर स्टेडियम परिसर के आस पास सालो से पड़े कण्डम गाड़ियों के कारण यातायात व्यवस्था पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# अवकाश के दिन भी मिल रही है आधार कार्ड बनवाने की सुविधा

**शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार कार्ड बनाने मितान के टोल फ्री नंबर 14545 पर करें संपर्क, घर पहुंच मिलेगी सेवा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय में शनिवार अवकाश के दिन भी आधार कार्ड बनाया जा रहा है। आधार कार्ड आज हर महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक हो गया है। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए मितान योजना की मदद ली जा सकती है इसके लिए केवल टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क करना होगा और मितान घर पहुंच सुविधा देंगे।



5 वर्ष से ऊपर के लिए आधार कार्ड बनवाने तथा सुधरवाने के लिए निगम मुख्य कार्यालय सहित निगम के समस्त जोन कार्यालय में सोमवार से लेकर शनिवार तक आधार सेवा चालू है। समय सुबह 10:00 बजे से आधार की सेवा प्रारंभ हो जाती है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आधार से संबंधित जरूरी सेवा के लिए नागरिकों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। आधार कार्ड शाखा के निरंजन गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2016 से पूर्व जिन्होंने अपना आधार कार्ड बनवाया है उन्हें बायोमेट्रिक तथा दस्तावेज लेकर आधार अपडेट करवाना अनिवार्य होगा। आधार कार्ड अपडेट होने के बाद आधार नंबर वही रहेगा परंतु नया आधार कार्ड हितग्राही को प्राप्त होगा। निगम मुख्यालय में दो मशीनें आधार कार्ड बनाने के लिए उपलब्ध है तथा समस्त जोन कार्यालय में 1-1 मशीनें उपलब्ध है। शनिवार अवकाश के दिन 30 से 35 हितग्राही आधार कार्ड बनवाने के लिए निगम मुख्यालय पहुंचते हैं। ज्यादातर पेंशन से संबंधित लोग आधार कार्ड अपडेट करवाने पहुंच रहे हैं। आधार कार्ड शाखा के उमाशंकर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 वर्ष के ऊपर के उम्र के स्कूली बच्चों के लिए जिन्हें आधार कार्ड बनवाना है उनके लिए स्कूल का पहचान पत्र जिसमें सेशन ईयर अंकित हो तथा बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। अप्लाई करने के बाद आधार कार्ड प्राप्त करने के लिए इस वेबसाइट का कर सकते है उपयोग आधार कार्ड के लिए बायोमेट्रिक होने तथा जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद आधार कार्ड प्राप्त करने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए ह्वद्बस्त्रड्डद्ब.द्दश1.द्वठ्ठ के वेबसाइट पर जाकर आधार कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया की बात करें तो बायोमेट्रिक एवं डॉक्यूमेंटेशन जमा करने के बाद 1 से 90 दिवस के भीतर में आधार कार्ड बन जाता है या तो निरस्त हो जाता है। वेबसाइट की मदद से आधार कार्ड आसानी से निकाला जा सकता है।

आधार कार्ड बना या नहीं या आधार कार्ड से संबंधित जानकारी के लिए इस हेल्पलाइन का करें उपयोग आधार कार्ड के डॉक्यूमेंटेशन और बायोमेट्रिक करवाने के बाद अक्सर आधार कार्ड बना है या नहीं बना है इसकी जानकारी के लिए दफ्तरों में लोग पहुंचते हैं या असमंजस में रहते है। परंतु घर बैठे आसानी से हेल्पलाइन नंबर 1947 डायल कर आधार कार्ड से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आधार कार्ड के लिए अप्लाई करने के बाद हेल्पलाइन की मदद से आधार कार्ड से संबंधित विस्तृत जानकारी मिल जाएगी।

दिव्यांग एवं गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता आधार कार्ड बनवाने के लिए पहुंचने वाले दिव्यांग एवं गर्भवती महिलाओं को लाइन लगने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें आधार कार्ड बनवाने के लिए प्राथमिकता दी जा रही है और सीधे इनके आधार कार्ड से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। गौरतलब है कि आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग बड़ी संख्या में कार्यालय पहुंचते हैं, पहले आने वाले को क्रमानुसार टोकन जारी किया जाता है ताकि असुविधा का सामना न करना पड़े। परंतु दिव्यांग एवं गर्भवती महिलाओं के आधार कार्ड बनवाने पहुंचते ही उनका आधार कार्ड की प्रक्रिया तत्काल की जा रही है।

# पड़ोसी के कुत्तों से परेशान शख्स पहुंचा कलेक्टर के पास, कहा - साहब अशांति फैल गई गई कुछ करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में सोमवार को एक शख्स अजीबो गरीब शिकायत लेकर पहुंच गया। दरअसल शख्स को अपने पड़ोसी के कुत्तों से काफी परेशानी है और उसके खिलाफकार्रवाई चाहता है। इसके लिए शख्स ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। शख्स ने कहा कि पड़ोसी द्वारा पाले गये कुत्तों की वजह से अशांति फैल गई है। इसलिए उचित कार्रवाई की जाए।

शख्स ने बताया कि पिछली बार जनदर्शन में भी इसे लेकर आवेदन दिया था इसके बाद निगम दुर्ग के अमले ने पड़ोसी को नोटिस जारी की थी और समझाइश भी दी थी। इसके बाद अभी तक स्थिति सुधरी नहीं है। यह शिकायत पोटिया से आए शख्स ने की। शिकायत



मिलने के बाद कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अफसरों से उचित कार्रवाई करने कहा। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे।

पोटिया से आए एक अन्य एक नागरिक ने कहा कि कचरा मैदान में कभी कभी कचरा जला दिया जाता है जिसकी वजह से धुंआ काफी उठता है। जरवाय के ग्रामीणों ने भी प्रदूषण की रोकथाम संबंधी आवेदन दिये। कलेक्टर ने पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिये। जनदर्शन में राजस्व संबंधी सबसे अधिक प्रकरण आये, कलेक्टर ने इन पर अविलंब कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिये। जनदर्शन में भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन के कुछ कर्मचारी आये। उन्होंने कहा कि सेवा फंड में वे हर महीने 50 रुपए की राशि का अंशदान करते हैं। इसके माध्यम से वे भविष्य के लिए राशि जुटा रहे हैं। इसकी वर्तमान स्थिति के बारे में पूछने पर प्रबंधन के अधिकारियों द्वारा टालमटोल किया जाता है। झुनिया बाई ने कहा कि वे जब पीडीएस शाप गईं तो सर्वर डाउन था इस वजह से राशन नहीं मिल पाया। बुजुर्ग लोगों को बार-बार पीडीएस शाप जाने में दिक्कत होती है। दीपक नगर की एक महिला ने निराश्रित पेंशन नहीं मिलने की बात कही। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को मामले का परीक्षण कर अविलंब पेंशन दिलाने के निर्देश दिये। जनदर्शन में एक महिला ने बताया कि उनके पति ने घर के लिए बैंक से कर्ज लिया था जिसे वे पटा नहीं पाये। अब घर में बेटा काबिज है। कुर्की की कार्रवाई तभी हो पाएगी जब बेटा मकान खाली करेगा। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई का आग्रह महिला ने किया।

### अंडा में प्रशासन तुंहर द्वार शिविर में आये 209 आवेदन, 155 का मौके पर ही निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** ग्राम अंडा में आयोजित प्रशासन तुंहर द्वार शिविर में 209 आवेदन आये, इनमें 155 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। एक ग्रामीण ने दुकान के सामने बिजली का पोल लगाये जाने की शिकायत की। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि घरों के ऊपर से बिजली की तार जा रही है इसे हटाने के लिए आवेदन किया गया लेकिन अब तक इस समस्या का निराकरण नहीं हुआ। इस पर कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने धमधा के विद्युत विभाग के सहायक यंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये, साथ ही आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए भी कहा। इसके साथ ही विद्युत विभाग के कुछ और आवेदन आये। जंजगिरी में ट्रांसफार्मर के निचले जगह पर लगाये जाने की शिकायत आई। इसे ठीक करने के लिए निर्देश दिये गये। साथ ही विनायकपुर में लो वोल्टेज की शिकायत आई। कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिये। निकुम, मचांदुर, अंडा, नंदकट्टी आदि में शिक्षकों की कमी की समस्या ग्रामीणों ने रखी।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई करने कहा। अंडा के वार्ड क्रमांक 11 और 12 में नाली निर्माण के संबंध में ग्रामीणों ने आवेदन दिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि शीघ्र ही नाली निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि निजी शौचालय के सीवर टैंक भर रहे हैं।

**भिलाई के कुछ इलाकों में जल प्रदाय रहेगा प्रभावित**

### न्यू खुर्सीपार क्षेत्र में पाइप लाइन के लीकेज का किया जाएगा संधारण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में मेन पाइप लाइन में लीकेज की समस्या आने की वजह से 25 जनवरी को सुबह शटडाउन लिया जाएगा। जिससे 25 जनवरी दिन बुधवार को खुर्सीपार टंकी, चंद्रा मौर्या टंकी, मदर टेरेसा नगर टंकी से बुधवार को शाम के समय पानी सप्लाई नहीं की जा सकेगी एवं 26 जनवरी दिन गुरुवार को सुबह भिलाई शहर में चंद्रा मौर्या टंकी, मदर टेरेसा नगर टंकी, कोहका टंकी, मंगल बाजार टंकी, वैशाली नगर टंकी, खुर्सीपार क्षेत्र तथा छावनी क्षेत्र में आंशिक रूप से जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। राइजिंग मुख्य पाइपलाइन में आई लीकेज को दूर करने में निगम के जल विभाग के कर्मचारी संधारण का कार्य करेंगे। शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 के न्यू खुर्सीपार क्षेत्र में 600 एमएम डाया के राइजिंग मेन पाइप लाइन में लीकेज होने की वजह से इसका संधारण कार्य किया जाएगा। 25 जनवरी दिन बुधवार को सुबह से इस कार्य में जल विभाग के कर्मचारी लग जाएंगे। जिसके चलते 25 जनवरी की शाम को खुर्सीपार एवं मदर टेरेसा नगर की कुछ टंकियों से जल प्रदाय पूर्ण रूप से बाधित रहेगा तथा 26 जनवरी दिन गुरुवार को सुबह की सप्लाई आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। जलप्रदाय की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने पानी टैंकर, हैंडपंप एवं पावर पंप तथा अन्य माध्यमों से जल प्रदाय करने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए हैं।

# नेताजी के दौर में आज जैसा धर्म-जाति का उन्मादी तेवर नहीं थाः शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। लोकनायक भारत रत्न जयप्रकाश नारायण प्रतिष्ठान और आचार्य नरेंद्र देव जन अधिकार अभियान समिति द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती सोमवार को जेपी परिसर एचसीएल कॉलोनी रूआबांधा सेक्टर में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष आरपी शर्मा ने की।



इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि नेताजी के जीवन काल में जाति, धर्म व वर्ण आदि का आज जैसा उन्मादी तेवर नहीं था, केवल देश की आजादी और अंग्रेजों को हिंदुस्तान से खदेड़ना प्रमुख उद्देश्य था। इस संघर्ष में सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एकजुट होकर शामिल थे। समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर के प्रदेश महामंत्री व महासचिव नंद किशोर साहू ने साहू ने नेताजी के परिजनों की मांग का हवाला देते हुए सुभाष चंद्र बोस की अस्थियों को जापान से हिंदुस्तान लाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है।

कार्यक्रम में सहदेव देशमुख, बीएन सिंह व अरविंद यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर त्रिभुवन मिश्रा, मिश्री एम रजक, नागेंद्र कुमार, मोहम्मद फारुख और श्रीकांत राम के अलावा बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी मौजूद थे।

# यंगिस्तान कप 2023: हाई वोल्टेज फाइनल में इंदौर की शानदार जीत, किया ट्राफी पर कब्जा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित यंगिस्तान कप 2023 के मेगा फाइनल मुकाबले रविवार को खेले गये, जिसका लुत्फहजारों की संख्या में मैदान पहुंचे दर्शकों ने उठाया। पुरुष वर्ग में जहां बालाजी इलेवन इंदौर ने बाजी मारते हुए खिताब अपने नाम किया, वहीं महिला वर्ग में सनराइज दुर्ग ने ट्राफी उठाई। मैच के पश्चात समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं भिलाई की सफाई अभियान के सभी सहभागियों के प्रयास की सराहना की गई।




बीते 5 जनवरी से जारी यंगिस्तान कप 2023 का रोमांच आखिरकार रविवार देर रात सेक्टर -1 क्रिकेट मैदान में खत्म हुआ। जहां पुरूष वर्ग व महिला वर्ग के मेगा फाइनल मुकाबले खेले गये। पुरूष वर्ग में जहां बालाजी इलेवन इंदौर व चैम्पियन बिलासपुर इलेवन की टीम आमने-सामने थीं, तो वहीं महिला वर्ग में सनराइज दुर्ग एवं प्रतिभा इलेवन सेक्टर -5 के मध्य खिताबी भिड़ंत हुई। कार्यक्र के मुख्य अतिथि समिति के संरक्षक व प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने इस दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भिलाईवासियों के खेलभावना की जमकर तारीफ की। उन्होंने समिति द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट की सराहना करते हुए कहा कि समिति द्वारा इस बार महिला खिलाड़ियों को भी मंच देने का प्रयास किया गया जो सराहनीय है। भिलाई को एक बार फिर से स्वच्छ बनाने के लिए भिलाई की सफाई अभियान के अंतर्गत समिति ने एक बार फिर ले भिलाई को स्वच्छ बनाने लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है, निश्चित ही यह जागरूकता भिलाई को सफाई में श्रेष्ठ बनायेगी।

समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने इस दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य एवं भिलाईवासियों का आभार व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि विगत 5 जनवरी से यंगिस्तान द्वारा यह आयोजन जारी था। जिसमें भिलाईवासियों ने खेल के मैदान में उपस्थित होकर न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया बल्कि भिलाई की सफाई अभियान में सहभागी बनकर जागरूक नागरिक का कर्तव्य भी निभाया है। हम सबने भिलाई को स्वच्छ बनाने के लिए भिलाई की सफाई अभियान की शुरूआत की थी, जिसका सुखद परिणाम आज देखने को मिल रहा है कि मैदान में उपस्थित हर व्यक्ति सफाई को लेकर सजग है और भिलाई को एक बार फिर से स्वच्छता में श्रेष्ठ स्थान दिलाने के लिए संकल्पित है। इस दौरान खिलाड़ियों की हौसला आफजाई के लिए मंच पर उपस्थित अतिथियों श्रीमती ममता शुक्ला, श्रीमती मानसी गुलाटी, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, निहारिका सिंह, ऐश्वर्या रंजन, सुश्री भावना पाण्डेय, सुश्री संगीता मिश्रा, सीए महावीर जैन, सीए राकेश ढोढी, डॉ. संतोष राय, डॉ. संजय गोयल, पूर्व सैनक भुवनलाल देशमुख, अनिल देशमुख, पवन कुमार निषाद, रामरतन पाण्डेय, ठाकुर रणजीत सिंह, निगम नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद श्याम सुंदर राव, बीएमएस के आईपी मिश्रा, निशिकांत मिश्रा, आरपी शर्मा, किशनदेव सचदेव, पीएस सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पुरूष वर्ग का हाई वोल्टेज मेगा फाइनल बालाजी इलेवन इंदौर व चैम्पियन बिलासपुर के मध्य खेला गया। फाइनल में टॉस जीतकर बालाजी इलेवन इंदौर ने बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 12 ओवरों में 152 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम की शुरूआत काफी धीमी रही और 10 ओवरों में टीम ऑलआउट होकर 97 रनों से यह मैच गंवा बैंठी।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, दो लाख 3 हजार से ज्यादा लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत घर में उपचार,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का लाभ स्लम क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों को मिलने लगा है। स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद के घर में जाकर उपचार किया जा रहा है। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के प्रयासों से निगम शहर क्षेत्र अंतर्गत चार मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित हो रही है।



प्रतिदिन अलग अलग स्लम क्षेत्रो में लगने वाले शिविर में बडी संख्या में लोग सुबह 8 से 3 बजे तक नियत किया गया है।निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर का समय समय पर निरीक्षण कर रहे है।तथा चिकित्सालय से दवाइयों की स्टॉक एवम दवाइयां वितरण की जानकारी ली जाती है। दुर्ग शहर में अब तक इस योजना से स्लम क्षेत्र में रहने वाले दो लाख 3 हजार लोग लाभान्वित हो चुके हैं। यह सिलसिला निरंतर जारी है।योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट शहर के विभिन्न् स्लम क्षेत्रों में जाकर त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं, जिसमें डाक्टर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्स की टीम अपनी सेवाएं देती हैं। मोबाइल टीम रोजाना बस्तियों में जाकर लोगों का इलाज कर रही है। जहां इन लोगों को निशशुल्क इलाज, दवाएं, परामर्श, इलाज और पैथालाजी की सुविधा मिल रही है। योजना के तहत शहर में अभी तक 2579 शिविर लगाया जा चुका है। शिविर के माध्यम से 2 लाख 3 हजार 532 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है। हजार 37649 मरीजों का टेस्ट किया गया है और 01 लाख 74 हजार 575 मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया है। इस योजना के धरातल पर उतरने से स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने लगा है। इससे पहले यहां के लोगों को अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते थे।

पैसे के अभाव में इन्हें अच्छा उपचार भी नहीं मिल पा रहा था। पर अब स्थिति बदल गई है। इनके घर में चिकित्सक की टीम पहुंच रही है और इनका उच्च स्तरीय उपचार संभव हो पा रहा है।मुख्यमंत्री स्लम स्वस्थ शिविर को बेहतर रिस्पांस मिल रहा है।निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निर्देश दिए है कि लैंब परीक्षण के उपरांत जितनी शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध करा सके कराए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950